**अनमोल विचार**

सपना वह नहीं होता जो आप नींद में देखते हैं, यह तो कुछ ऐसी चीज है जो आपको सोने नहीं देती है।

▶▶ अब्दुल कलाम

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | शहडोल, रविवार 20 अक्टूबर 2024 | वर्ष- 07 | अंक- 293 | पेज-08 | मूल्य- ₹ 5.00/-


## न्यूज इन शॉर्ट

### बुधनी से रमाकांत भार्गव और विजयपुर से मंत्री रामनिवास रावत को भाजपा ने दिया टिकट

**विजय मत, भोपाल।** मध्यप्रदेश में बुधनी और विजयपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा ने अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। बुधनी सीट से पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव को



प्रत्याशी बनाया है। जबकि विजयपुर सीट से वन मंत्री रामनिवास रावत को टिकट दिया गया है। रमाकांत भार्गव विदिशा संसदीय सीट से सांसद थे। 2024 में उनका टिकट काटकर सीएम रहे शिवराज सिंह चौहान को विदिशा से चुनाव लड़ाया गया था। भार्गव शिवराज सिंह चौहान के करीबी भी माने जाते हैं। वे बुधनी में शिवराज सिंह चौहान के 6 चुनाव के संचालक की भूमिका में रहे। विजयपुर सीट पर भाजपा के टिकट पर मंत्री रामनिवास रावत का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा था। 2023 के विधानसभा चुनाव में रामनिवास रावत कांग्रेस के टिकट पर विजयपुर सीट से जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।

### गुजरात में 17 साल की बच्ची का सात महीने में आठ लोगों ने किया दुष्कर्म, प्रेमी के साथ भागी थी घर से

**राजकोट, एजेंसी।** लिंबडी के पुलिस उपाधीक्षक विशाल रबारी ने पुष्टि की कि थानगढ़ पुलिस थाने में एक केस दर्ज किया गया है।



एक संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है और अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें काम कर रही हैं। गुजरात से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली खबर सामने आई है। दरअसल, घरेलू काम करने वाली 17 साल की बच्ची को कथित तौर पर कई स्थानों पर ले जाया गया। इतना ही नहीं, बच्ची का पिछले सात महीनों में आठ से अधिक लोगों ने यौन उत्पीड़न किया। पीड़िता की 45 वर्षीय मां ने थानगढ़ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

### राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष बनी विजया राहटकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विजया रहाटकर राष्ट्रीय महिला आयोग की नौवीं अध्यक्ष होंगी. आयोग कानून 1990 की धारा 3 के तहत रहाटकर की



नियुक्ति की गयी है और वे इस पद पर तीन साल काम करेंगी. केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अधिसूचना के अनुसार राहटकर की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से की है. राष्ट्रीय महिला आयोग की नयी अध्यक्ष के तौर पर अब विजया रहाटकर काम करेंगी. रहाटकर राष्ट्रीय महिला आयोग की नौवीं अध्यक्ष होंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग कानून 1990 की धारा 3 के तहत रहाटकर की नियुक्ति की गयी है। नियम के तहत वे इस पद पर तीन साल काम करेंगी। नियम के तहत 65 साल की उम्र पूरी करने के बाद वे इस पद पर नहीं रह सकती हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अधिसूचना के अनुसार राहटकर की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से की है।

### केदारनाथ धाम के कपाट तीन और बद्रीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को होंगे बंद, उत्तराखंड सरकार का ऐलान

**देहरादून, एजेंसी।** देवभूमि उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इस बीच



उत्तराखंड सरकार ने शनिवार को चारों धामों के कपाट बंद होने की तारीखों का ऐलान कर दिया। उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के मुताबिक, नवंबर में चारों धाम के कपाट बंद हो जाएंगे। पर्यटन मंत्री ने शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि एक नवंबर को गंगोत्री धाम के कपाट बंद होंगे। इसके अलावा यमुनोत्री धाम और केदारनाथ धाम के कपाट तीन नवंबर को बंद होंगे, जबकि तुंगनाथ धाम के कपाट चार नवंबर को और बद्रीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को बंद होंगे। उन्होंने कहा, जो भी श्रद्धालु चारों धाम के दर्शन करना चाहते हैं।

## पीडब्ल्यूडी और इंडियन रोड कांग्रेस की सेमिनार, सीएम बोले

# नवीनतम तकनीकों के साथ ही प्राचीन विधाओं से भी प्रेरणा लेना आवश्यक

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सड़कों तथा अधोसंरचना के निर्माण में प्रयुक्त हो रही नवीन तकनीक और विधाओं पर विचार-विमर्श के दौरान प्राचीन काल में हुए निर्माण कार्यों में प्रयुक्त प्रभावी तकनीक पर गौर करना तथा उनसे प्रेरणा लेना भी आवश्यक है। राजा भोज द्वारा एक हजार साल पहले बनाया गया भोपाल का बड़ा ताल मितव्ययता के साथ प्रभावी जल प्रबंधन का अनूठा उदाहरण है। सम्राट अशोक और सम्राट विक्रमादित्य के काल के सिक्कों पर बनी मार्गों के चिन्ह उस काल में सड़कों की महत्ता को दर्शाते हैं। यह तथ्य बताते हैं कि जब भी नवीन तकनीक की बात होगी तो प्राचीन विधा उसकी नींव का आधार बनकर बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रवीन्द्र भवन में लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश और इंडियन रोड काउंसिल नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में सड़क और पुल निर्माण में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों'' पर केंद्रित दो दिवसीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। नितिन गडकरी तथा प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर सेमीनार का शुभारंभ किया।

## खराब सड़क पर लोग हमें कोसते है: गडकरी




### सेमिनार से विकास को नई गति मिलेगीः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस सेमिनार से मध्यप्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास को नई गति मिलेगी और यह आयोजन राज्य की निर्माण परियोजनाओं को और सफल बनाने में सहायक होगा। 20 अक्टूबर को ईपीसी इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन एग्रीमेंट्स की तैयारी व शेड्यूलिंग, एग्रीमेंट करने में ठेकेदारों और सहायक अभियंताओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा होगी। इसमें अनुबंधों से जुड़े विवादों और चुनौतियों के समाधान पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### ये डीपीआर वाले तो महान लोग हैं

गडकरी ने कहा कि बेंगलुरू से चेन्नई एक्सप्रेस वे हाईवे हेलिकॉप्टर से देख रहा था। तीन बड़े-बड़े टॉवर रोड पर दिखे। उसको उठाने के लिए तीन-चार सौ करोड़ खर्च कर रहे हैं। मेरे साथ मध्यप्रदेश के अच्छे अधिकारी थे। पांडे करके। मैंने कहा- पांडे जी, तुमने आईआईटी पास किया है ना। तुमको समझ में नहीं आता कि ये टॉवर थे रास्ता थोड़ा सरका देते तो ये चार सौ करोड़ काहे के लिए खर्च होता। बोले- साहब! आप सही हैं। डीपीआर बनाने वालों की गलती है। ये डीपीआर वाले तो इतने महान लोग हैं कि एक-एक जन को पद्मश्री और पद्म विभूषण ही देना चाहिए। यानी कितने गंदे काम हो सकते हैं इंजीनियरिंग प्वाइंट ऑफ व्यू से। घर पर बैठकर गूगल पर ही काम कर लेते हैं। माफ करना अगर उनमें से कोई यहां बैठा हो। मुख्यमंत्री से कहूंगा कि आप अपने यहां इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों से कहो कि ये डीपीआर चेक करो।


### विभाग की टैगलाइन लोकनिर्माण से लोक कल्याण होनी चाहिएः राकेश सिंह

सेमिनार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद उन्होंने तय किया कि विभाग की टैगलाइन लोक निर्माण से लोक कल्याण होना चाहिए। न्होंने कहा कि तकनीकी क्षेत्र में नए नवाचार लागू करने का प्रयास विभाग में शुरू किया है। हमने एक लोक पथ? एप बनाया है। इसकी लांचिंग मुख्यमंत्री ने की है। इसके माध्यम से पीडब्ल्यूडी की सड़कों के गड्ढे भरने का काम तेजी से किया जा रहा है।

## पीएम आज रीवा के हवाई अड्डे का करेंगे शुभारंभ

# रीवा अंचल में पर्यटन के साथ निवेश को भी मिलेगा बढ़ावा : सीएम





**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के साथ मध्यप्रदेश को भी अनेक अनूठी सौगातें दी है, जिससे मध्यप्रदेश तेजी से विकसित राज्य की ओर अग्रसर हो रहा है। विकास की इसी कड़ी प्रधानमंत्री श्री मोदी विंध्य क्षेत्र को एयरपोर्ट की सौगात देने जा रहे हैं। रविवार 20 अक्टूबर विंध्य क्षेत्र के लिये ऐतिहासिक होगा। इस दिन प्रधानमंत्री श्री मोदी रीवा एयरपोर्ट का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। रीवा एयरपोर्ट पूरे विंध्य क्षेत्र के लिये गेम चेंजर साबित होगा, इससे रीवा अंचल में पर्यटन के साथ निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। मध्यप्रदेश के एक बड़े हिस्से के लिए यह अच्छी खबर है कि डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने रीवा एयरपोर्ट को लाइसेंस दे दिया है। इसके अंतर्गत अब यहां से एयरक्राफ्ट आसानी से उड़ान भर सकेंगे। भोपाल, जबलपुर, खजराहो, इंदौर और ग्वालियर के बाद रीवा प्रदेश का 6वां एयरपोर्ट है, जिसे डीजीसीए ने लाइसेंस दिया है।

### उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे क्षेत्र भी होंगे लाभान्वित

उल्लेखनीय है कि रीवा से मऊगंज, सीधी, सतना, मैहर जिले सीधे जुड़े हुए हैं। इन जिलों के साथ ही उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे लोग भी काम के सिलसिले में रीवा आते हैं। रीवा की आबादी करीब 15 लाख, मऊगंज की 8 लाख, सीधी की 12 लाख, सिंगरौली की 12 लाख और सतना जिले की आबादी 18 लाख है। इन जिलों की जनता को रीवा एयरपोर्ट बनने से सीधा फायदा होगा। एयर कनेक्टिविटी होने से यहां विकास को भी रफ्तार मिलेगी। रीवा एयरपोर्ट सरकार की उड़ान योजना के तहत बनाया गया है। इसका उद्देश्य विमान यात्रा को आम जनता के लिए आसान बनाना है। इससे छोटे शहरों के बीच एयर कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

## 150 रन जड़कर सरफराज खान ने की सचिन, गावस्कर और कोहली की बराबरी

**बेंगलुरु, एजेंसी**




बेंगलुरू में खेले जा रहे भारत बनाम न्यूजीलैंड पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में न्यूजीलैंड को करारा जवाब देते हुए सरफराज खान ने भारत की ओर से शानदार बल्लेबाजी की। सरफराज ने 150 रन जड़कर चयनकर्ताओं को खुश कर दिया। बारिश के कारण लंच जल्दी ले लिए जाने तक सरफराज 125 रन और ऋषभ पंत 53 रन बनाकर खेल रहे थे। इसके बाद दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और 177 रनों की शानदार साझेदारी की। सरफराज जहां 150 रन बनाकर आउट हुए, वहीं पंत शतक से चूक गए और 99 के स्कोर पर आउट हो गए। टेस्ट क्रिकेट में पहला शतक जड़ने के बाद सरफराज खान, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और सुनील गावस्कर की विशेष सूची में शामिल हो गए हैं। इसी मैच की पहली पारी में सरफराज शून्य पर आउट हो गए थे।

## जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के प्रस्ताव को उपराज्यपाल की मंजूरी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर कैबिनेट के केंद्रशासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने के प्रस्ताव को शनिवार को उपराज्यपाल की मंजूरी मिल गई है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह प्रस्ताव गुरुवार पारित किया गया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नवनिर्वाचित जम्मू-कश्मीर विधानसभा का पहला सत्र 4 नवंबर 2024 को होगा। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में 17 अक्टूबर को हुई कैबिनेट की बैठक में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया था। इसमें कहा गया है कि कैबिनेट की मंजूरी के साथ पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की प्रक्रिया की शुरुआत होगी।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का आतंक, आईईडी विस्फोट में आईटीबीपी के दो जवान शहीद

**विजय मत, नारायणपुर**



छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने शनिवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया जिससे भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के दो जवान शहीद हो गए. जवानों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई. नारायणपुर जिला पुलिस ने बताया, घटना में नारायणपुर जिला पुलिस के दो जवान घायल हुए. अधिकारियों ने बताया कि जिले में आईटीबीपी के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था और जब वे अभियान से लौट रहे थे तभी नक्सलियों ने अबूझमाड़ क्षेत्र के मोहंदी गांव के पास बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया. राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आईटीबीपी के जवानों को तैनात किया गया है।

## सपा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एमवीए से 12 सीट मांगीं

**लखनऊ, एजेंसी**

समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महा विकास आघाडी (एमवीए) से 12 सीट मांगी हैं। उत्तर महाराष्ट्र के धुले जिले में संवाददाताओं से बात करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी ने ऐसी कुछ सीट पर अपने



उम्मीदवार उतारे हैं, जहां इसके मौजूदा विधायक हैं और जहां उसे अपनी स्थिति मजबूत नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि सपा एक ऐसी पार्टी है जो कुछ सीट के साथ संतुष्ट है।

## प्रियंका गांधी 23 को करेंगीं नामांकन दाखिल, भाई राहुल गांधी भी होंगे साथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आगामी वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा 23 अक्टूबर को जब अपना नामांकन दाखिल करेंगीं, तो उस समय उनके भाई और लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी भी मौजूद होंगे। वायनाड से उपचुनाव लड़ने जा रहीं प्रियंका गांधी कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल




करने से पहले वायनाड कलेक्ट्रेट तक रोड शो करेंगीं. इस दौरान उनके साथ राहुल गांधी भी होंगे।

## इजराइल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर हिजबुल्लाह ने किया ड्रोन से हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हिजबुल्लाह ने इजराइल के कैसरिया क्षेत्र में तीन ड्रोन के माध्यम से हमला करने का दावा किया है, जिसका मुख्य लक्ष्य इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का निजी आवास बताया गया है। इजराइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने दो ड्रोन को मार गिराया, लेकिन एक ड्रोन कैसरिया में एक इमारत से



टकरा गया। इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ, और इजराइली सेना ने मामले की जांच जारी रखी है। इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान जारी कर कहा कि हमले के समय नेतन्याहू और उनकी पत्नी अपने कैसरिया स्थित घर पर मौजूद नहीं थे। हमले के दौरान ड्रोन जैसे ही इलाके में पहुंचे, सायरन बजने लगे, जिसके बाद इजराइली सेना ने हेलीकॉप्टर से उन्हें निशाना बनाया।

## सुप्रीम कोर्ट की जनता की अदालत की भूमिका संरक्षित रखी जानी चाहिए : सीजेआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय की जनता की अदालत की भूमिका संरक्षित रखी जानी चाहिए लेकिन इसका अभिप्राय यह नहीं है कि वह संसद में विपक्ष की भूमिका निभाए।




उन्होंने कहा कि कानूनी सिद्धांत की असंगतता या त्रुटि के लिए न्यायालय की आलोचना करना उचित है, लेकिन परिणामों के परिप्रेक्ष्य से उसकी भूमिका या कार्य को नहीं देखा जा सकता। प्रधान न्यायाधीश दक्षिण गोवा में सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) के आयोजित पहले सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''उच्चत न्यायालय की न्याय तक पहुंच का प्रतिमान पिछले 75 वर्षों में विकसित हुआ है और कुछ ऐसा है जिसे हमें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।'' न्यायामूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जब समाज बढ़ता है समृद्ध और संपन्न होता है, तो ऐसी धारणा बनती है कि आपको केवल बड़ी-बड़ी चीजों पर ही ध्यान देना चाहिए। हमारा न्यायालय ऐसा नहीं है। हमारा न्यायालय जनता की अदालत है और मुझे लगता है कि लोगों की अदालत के रूप में शीर्ष न्यायालय की भूमिका को भविष्य के लिए संरक्षित रखा जाना चाहिए।

**खास खबर** सर्वेः ब्याज दर 9त्न से अधिक होने पर मकान खरीदारी होगी प्रभावित

## 2029 तक 1.04 लाख करोड़ डॉलर का आवासीय बाजार

**मुंबई, एजेंसी**

फिक्की और एनारॉक के 'मकान खरीदार धारणा सर्वेक्षण' सर्वे में शामिल करीब 90 फीसदी उत्तरदाताओं का कहना है कि होम लोन के 9 फीसदी से अधिक होने पर मकान खरीदने की उनकी इच्छा प्रभावित हो सकती है। भारत की आर्थिक वृद्धि रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी से विस्तार को बढ़ावा दे रही है। आवासीय बाजार हर साल 25.6 फीसदी की दर से बढ़ रहा है, जिसके 2029 तक बढ़कर 1.04 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, इस वृद्धि में महंगे होम लोन बड़ी बाधा बन सकते हैं। फिक्की और एनारॉक के 'मकान खरीदार धारणा सर्वेक्षण' सर्वे में शामिल करीब 90 फीसदी उत्तरदाताओं का कहना है



कि होम लोन के 9 फीसदी से अधिक होने पर मकान खरीदने की उनकी इच्छा प्रभावित हो सकती है। सर्वे में दावा किया गया है कि 71 फीसदी से अधिक लोग मानते हैं कि अगर ब्याज दर 8.5 फीसदी से कम रहती हैं, तो खरीदारी का फैसला प्रभावित नहीं होगा।54 फीसदी ने कहा, ब्याज दर 8.5 फीसदी से 9 फीसदी के बीच होने पर उन्हें अपनी पसंद पर विचार करना पड़ेगा।

### 98प्रतिशत चाहते हैं... समय पर पूरी हो परियोजना

करीब 98 फीसदी मकान खरीदारों की प्राथमिकता समय पर परियोजनाओं का पूरा होना है। 93 फीसदी लोग बेहतर निर्माण गुणवत्ता चाहते हैं, जबकि 72 फीसदी उत्तरदाता अच्छे हवादार मकान खरीदना चाहते हैं। 59 फीसदी से अधिक लोगों के लिए रियल एस्टेट निवेश का पसंदीदा क्षेत्र है। 67 फीसदी से अधिक लोग खुद के इस्तेमाल के लिए मकान खरीदना चाहते हैं। 35 फीसदी से अधिक खरीदारों के लिए 45-90 लाख का बजट पसंदीदा विकल्प है। 28 फीसदी 1.5 करोड़ तक के मकान खरीदना चाहते हैं।

## न्यूज इन शॉर्ट

### गुरु रामदास साहिब जी के प्रकाश पर्व पर हुआ विशेष कीर्तन



**विजय मत, ब्यूरो, संत नगर।** जिस डिठे सब दुख जाए गुरुदारे में धनगुरु राम साहिब जी के प्रकाश पर्व पर अमृतवेले 4 बजे विशेष कीर्तन हुआ ब्रह्मलीन साध्वी द्रोपदी धनवानी का गुरुद्वारा जहाँ गुरु नानक जयंती तक विशेष चालीसा चल रहा है यहाँ अमृतवेले 3.30 बजे से संगत का आना चालू हो जाता है साध्वी द्रोपदी धनवानी जी ने हजारों संगत को अमृतवेले से जोड़ा था, साधकों का कहना है कि साध्वी दीदी ने अपना शरीर छोड़ा है फिर भी संगत की आस्था इतनी है की संगत दिनों बढ़ती जा रही है। भोपाल का यह मात्र एक ऐसा गुरुद्वारा है जो की 24 घन्टे संगत के लिए खुला रहता है यहाँ 1 मई 2021 से 24 घन्टे श्री सुखमनी पाठ श्री जपजी पाठ संगत करती है जो कि आज तक बंद नही हुई है इसके साथ ही 24 घन्टे लंगर प्रसादी की व्यवस्था है।

### युवक ने लगाई फांसी, गिरने से मजदूर की मौत

**विजय मत, भोपाल।** कोलार इलाके में रहने वाले युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। चुनाभट्टी थाना क्षेत्र में पुताई करते समय एक मजूदर करंट से झुलस गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक संदीप रैक्कार पुत्र दयालचंद्र (25) दामखेड़ा में रहता था। बीती रात करीब नौ बजे उसने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं चूनाभट्टी पुलिस ने बताया राहुल नगर शाहपुरा निवासी गरीबदास बघेल (55) पुताई का काम करते थे। शुक्रवार को वह चूनाभट्टी गांव स्थित राममंदिर के पास एक घर में पुताई कर रहे थे। उनके हाथ में पुताई का रोलर था। जोकि घर से बाहर जा रही बिजली के तार से टकरा गया। इससे उन्हें करंट लग गया। बेसूध हालत में उन्हें इलाज के लिये पास में स्थित अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैन से टकराकर हुई थी युवक की मौत, पीए रिर्पोट में हुआ खुलासा

**विजय मत, भोपाल।** बैरागढ़ रेलवे स्टेशन के पास खून से लथपथ मिली युवक की लाश के मामले में पीएम रिर्पोट में मौत के कारणो का खुलासा हो गया है। उसकी मौत ट्रेन से टकराने से हुई थी। अधिक शराब पीने की वजह से वह हादसे का शिकार हो गया था। थाना पुलिस ने बताया कि रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म के पीछे झाड़ियों से एक युवक का शव बरामद हुआ था। उसके सिर व चेहरे पर चोट के निशान थे। पास ही पड़े पत्थर पर भी खून लगा था। युवक की पहचान 29 वर्षीय राहुल जाट निवासी बागमुगालिया के रूप में हुई थी। राहुल बैरागढ़ में एक कपड़े की दुकान पर काम करता था। वह पांच साल से करोंद में अपनी बुआ के पास रहता था, लेकिन लगभग एक माह से रेलवे स्टेशन के फुटपाथ पर रहने लगा था। उसे शराब पीने की लत थी। गुरुवार रात को भी उसने एक दोस्त के साथ जमकर शराब पी थी। उसके शरीर पर मिले चोट के निशान और आसपास पत्थरों पर खून लगा देखकर युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही थी। लेकिन देर शाम को मिली पीएम रिपोर्ट में सामने आया कि उसकी मौत हादसे में हुई है। पुलिस का अनुमान है कि अधिक शराब पीने के कारण वह ट्रेन से टकरा गया था। फिलहाल पुलिस को फुल पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। जिससे पूरे मामले का खुलासा हो सके।

### ऑटो चालक को किडनेप कर मांगी दो लाख की फिरौती

**विजय मत, भोपाल।** ऐशबाग इलाके से बदमाशो ने एक आटो चालक को अगवा कर उससे दो लाख रुपए की फिरौती की मांग की। हालांकि इस बार आरोपियों ने मारपीट कर उसे चेतावनी देते हुए छोड़ दिया। लेकिन दूसरी बार रकम न देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी जिससे दहशत में आये फरियादी ने दूसरे दिन थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपहरण समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज करा लिया है। पुलिस के मुताबिक ऐशबाग में रहने वाले 45 वर्षीय शिव शंकर दुबे ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि वह खुद का आटो चलाते हैं। 16 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे आटो लेकर वापस घर लौट रहे थे। सोनिया कॉलोनी के पास उन्हें आसिफ चुई, सन्नो शुभम व उसके साथी मिल गए। आरोपियो ने उसका आटो रोकते हुए पैसों की मांग की। फरियादी के इंकार करने पर आरोपियो ने उसके साथ गाली-गलौज कर उसे अपनी बाइक पर जबरन बैठकर अपहरण कर लिया। बदमाश उन्हें धोबी घाट ले गए और वहाँ उनके साथ मारपीट करते हुए 2 लाख रुपए की अड़ी डाल दी। बाद में आरोपी धमकी देते वे उसे वहीं छोड़कर चले गए। जाते-जाते बदमाशों ने कहा कि अगर दो लाख रुपए नहीं दिए तो अगली बार नहीं छोड़ेंगे। अगले दिन शिव शंकर दुबे ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत कर दी। चारों बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### हॉस्टल के बाहर टहल रही युवती का मोबाइल झपट कर ले गया एक्टिवार सवार बदमाश

**विजय मत, भोपाल।** गोविंदपुरा थाना इलाके में रात के समय हॉस्टल के बाहर टहल रही युवती के हाथ से एक्टिवार बदमाश ने मोबाइल झपट कर फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक 20 वर्षीय क्षमा नापित ने लिखित शिकायत करते हुए बताया की वह त्यौंथर जिला रीवा की रहने वाली है। भोपाल के रचना नगर स्थित नेमा हॉस्टल में रहते हुए एमपी नगर की एक कोचिंग में प्रतियोगिता परीक्षाओ की तैयारी करने जाती है। शुक्रवार रात करीब 10 बजे वह अपने एक सहेली के साथ हॉस्टल के बाहर की सड़क पर टहल रही थी इसी दौरान बगैर नंबर की एक्टिवा पर सवार होकर पीछे से आए बदमाश ने क्षमा के हाथ से पकड़े हुए 10 रुपये कीमत के मोबाइल को झपट कर अपने कब्जे में लिया और फरार हो गया।

# अतिथि विद्वानों के स्थानांतरण में नया विवाद, पोर्टल पर शो नहीं हो रहे रिक्त पद, महिलाओं की बढ़ी परेशानी

**विजय मत, भोपाल**

अतिथि विद्वानों के स्थानांतरण की प्रक्रिया में नया विवाद शुरू हो गया है। पोर्टल पर रिक्त पद शो नहीं होने से महिला अतिथि विद्वानों के अपने शहर में रिक्त पद होने के बावजूद 800 से हज़ार किलोमीटर दूर सेवा देनी पड़ रहीं हैं।

मध्य प्रदेश के सरकारी महाविद्यालयों में शिक्षकों की कमी पूरी कर रहे अतिथि विद्वानों की चल रही स्थांतरण की प्रक्रिया ने एक नए विवाद को जन्म दे दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्च 2023 में बहुतायत की संख्या में पद रिक्त थे और पोर्टल में शो भी हो रहे थे लेकिन एक वर्ष बाद और रिक्त पदों की संख्या बढ़नी चाहिए लेकिन आलम यह है कि वो भी नही दिख रही है जिससे अतिथि विद्वानों को इसका लाभ नही मिल पाएगा। महिला अतिथि विद्वानों को काफी दिक़्क़तों से जूझना पड़ रहा है जो अपने शहर में रिक्त पद होने के बावजूद 800 से हज़ार किलोमीटर सेवा दे रहीं हैं।



**बिना तैयारी के जारी कर दिया कैलेंडर...** *गौरतलब है कि उच्च शिक्षा विभाग बिना तैयारी के अतिथि विद्वानो के ट्रांसफर एवं नई भर्ती का कैलेंडर तो जारी कर दिया लेकिन विभाग अभी तक रिक्त पदों का डेटा सामने नहीं ला रहा है। जबकि प्राचार्यों के द्वारा बोला जा रहा है कि हमने अपडेट कर दिया उच्च शिक्षा विभाग जारी नही कर रहा है। वहीं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्राचार्यों के द्वारा किया नही गया तो इसमें दिक्कत अतिथि विद्वानों को हो रही है।*

### अतिथि विद्वानों पर बनाया जा रहा दबाव

अतिथि विद्वान महासंघ के अध्यक्ष डॉ देवराज सिंह का कहना है कि बिना पूर्व तैयारी के विभाग ने ये ट्रांसफर की प्रोसेस शुरू कर दी लेकिन रिक्त पदों को दबाया जा रहा है इसके पीछे मंशा क्या है ये समझ से परे है।अतिथि विद्वान महासंघ की स्पष्ट मांग है अभी इस प्रक्रिया में पूरे रिक्त पदों को शो किया जाए, तारीख़ बढ़ाई जाए जिससे अतिथि विद्वानों को लाभ मिल सके मुख्यमंत्री जी के घोषणा के अनुसार। संघ के मीडिया प्रभारी डॉ. आशीष पांडेय ने कहां है कि इन सब समस्याओं का निराकरण एक झटके में हो सकता है जो बहुत आसान है, रिक्त पदों के विरुद्ध कार्य कर रहे अतिथि विद्वानों को उन्ही पदों में समायोजन कर दिया जॉए,शोषणकारी अतिथि नाम से निजात एवं फिक्स मासिक वेतन दिया जॉए जो पूर्व मुख्यमंत्री, वर्तमान मुख्यमंत्री जी घोषणा कर चुके थे तो सब समश्या का समाधान हो जाएगा।लेकिन अतिथि विद्वानों की अक्सर छवि को खराब करने का प्रयास किया जाता है जो समझ से परे है।

**निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर दिए निर्देश**

# प्रतिदिन की कार्य योजना बनाकर शहर को साफ-स्वच्छ बनाने की कार्यवाही करें

**विजय मत, भोपाल**

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के दृष्टिगत शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और शहर को साफ-स्वच्छ बनाने हेतु प्रतिदिन की कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को दिए। निगम आयुक्त ने समक्ष में एवं वी.सी. के माध्यम से निर्देशित किया कि समस्त सहायक स्वास्थ्य अधिकारी हर समय फील्ड में रहकर साफ-सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग करें और कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें अन्यथा सख्त कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त ने एम्स, साकेत नगर, सागर पब्लिक स्कूल, रेल्वे कालोनी आदि क्षेत्रों में सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पड़े कचरे को तत्काल उठाने, कचरा भरने हेतु भक्कू का उपयोग करने, हरित क्षेत्रों में कचरा जमा न होने देने तथा विभिन्न क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शनिवार को लिंक रोड नंबर 02, हबीबगंज, साकेत नगर, शक्ति नगर, एम्स, बरखेड़ा पठानी, सोनागिरी, पिपलानी, रायसेन रोड, प्रभात चौराहा, जेल रोड आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डों अनुसार की जा रही स्वच्छता की गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त नारायन ने एम्स क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान एम्स गेट के पास सफाई कार्य उपरांत एक साइड लगाये गये कचरे को तत्काल हटवाने, साकेत नगर फेस-02 के मुख्य मार्ग पर कचरे, मलमे के ढेर उठवाने, सागर पब्लिक स्कूल व एम्स क्षेत्र में दुकानों के बाहर बिखरे कचरे को साफ कराने और कचरा सदैव डस्टबिन में रखने हेतु दुकानदारों को समझाइश देने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने रेल्वे कालोनी के किनारे पड़े कचरे तथा चाय विक्रेताओं द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर फैलाये गये कुल्हड़ आदि को तत्काल साफ कराने, जोन क्र. 12 के विभिन्न क्षेत्रों में रात्रिकालीन साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने व सीएंडडी वेस्ट भी एकत्र न होने देने, सड़क व सार्वजनिक स्थलों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे को भरने हेतु अधिक से अधिक भक्कू का उपयोग करने तथा हरित क्षेत्र में कचरा जमा न होने देने के निर्देश दिए।



निगम आयुक्त नारायन ने निर्देशित किया कि सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी हर समय फील्ड पर रहकर साफ-सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग करें और जहां कोई कमी अथवा शिकायत पाई जाती है तो उसे तत्काल दूर करें और कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें अन्यथा सख्त कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त नारायन ने प्रतिदिन की साफ-सफाई कार्य हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करते हुए शहर की स्वच्छता को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

### निगम द्वारा सड़कों आदि पर स्वतंत्र विचरण करने वाले 32 पशु कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की



**भोपाल।** नगर निगम द्वारा सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउसों भेजने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के गौवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने शनिवार को सीएम हेल्पलाईन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में स्वतंत्र विचरण करने वाले 32 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में भेजा साथ ही 26 पशुओं को गौशाला भेजने की कार्यवाही की एवं 01 घायल पशुको पशु आश्रय स्थल आसरा में भर्ती कराया। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम की गौवर्धन शाखा ने इंद्रपुरी, गोविंदपुरा, कटारा हिल्स, दानिश कुंज, करोद बायपास, जेल रोड, लालघाटी, एयरपोर्ट रोड सहित अन्य स्थानों पर स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे 32 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउसों में भेजा साथ ही 26 पशुओं को महामृत्यंजय गौशाला भेजने की कार्यवाही की एवं 01 घायल पशु को पशु आश्रय स्थल आसरा में भर्ती कराया।

# फ्लाइंग ऑफीसर प्रेम रामचंदानी ने पाकिस्तान में घुसकर किया था अटैक

» 1965 के युद्ध में शहीद प्रेम रामचन्दानी को संस्कार परिवार द्वारा याद किया गया



**विजय मत, ब्यूरो, संत नगर**

1965 के युद्ध में शहीद प्रेम रामचन्दानी के जम दिन के उपलक्ष्य में उनको याद किया गया। यहां दुबई निवासी समाज सेवी एवं उ?द्योगपति श्री नरेश भावनानी के सुपुत्र श्री कपिल भावनानी के निधन पर भी संस्कार परिवार द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नल नारायण पारवानी, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, समाज सेवी दिलीप लालवानी ने शहीद प्रेम रामचन्दानी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर शत-शत नमन किया। सर्वप्रथम संस्था के सचिव श्री बसंत चेलानी ने आएं हुए अतिथियों का परिचय देते हुए कहा कि आज हम यहाँ हम फ्लाइंग ऑफिसर प्रेम रामचंदानी जी का जन्मदिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए है, प्रेम रामचंदानी ऐसी शख्सियत थे। जिन्होंने छोटी सी उम्र में अपने प्राणों को देश पर बलिदान कर दिया, ऐसे महापुरूषों को याद करने का मुख्य उद्देश्य है कि हम भी इनके जीवन से प्रेरित होकर आगे बढ़े। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित संत नगर के गायक कलाकार दिलीप लालवानी को संस्कार परिवार की ओर से उनके जन्मदिन पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कर्नल नारायण पारवानी ने श्री प्रेम रामचन्दानी के संघर्षपूर्ण जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि सन् 1947 में जब भारत पाकिस्तान विभाजन के समय उनके परिवार वालों ने जो तकलीफें उठाई उससे प्रेरित होकर उनके मन में देश प्रेम जागृत हुआ और तब से उन्होंने अपने परिश्रम के माध्यम से सेना में भर्ती हुए और एयरफोर्स की फ्लाइंग ऑफिसर ब्रांच में अफसर के पद पर नियुक्त हुए। इन्होंने अपने कार्यकाल में कई बार अपनी बहादुर का प्रदर्शन देते हुए, पाकिस्तान में घुसकर हमला किया और एक समय ऐसा भी आया कि उनके प्लेन में आग लगने से उनका शरीर आग में झुलस गया और डॉक्टरों की बहुत कोशिशों के बावजूद भी उन्हें नहीं बचाया जा सका, लेकिन अंत में उन्होंने अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए कहा कि मुझे अफसोस है कि इस देश पर न्योछावर करने के लिए मेरे पास एक ही प्राण है।

# जवाब पेश नहीं किया तो लगाई जाएगी दस-दस हजार की कॉस्ट, स्टेट बार चैंबर आवंटन मामले में हाईकोर्ट सख्त

**विजय मत, ब्यूरो, जबलपुर**

याचिकाकर्ता की ओर से यह दलील दी गई कि चार माह गुजर चुके हैं, लेकिन स्टेट बार और सदस्य की ओर से जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस जानकारी को रिकॉर्ड पर लेते हुए हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई और कॉस्ट लगाने की चेतावनी दी।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने एमपी स्टेट बार काउंसिल के चैंबर आवंटन प्रकरण को गंभीरता से लिया है। हाईकोर्ट ने स्टेट बार और सदस्य जगन्नाथ त्रिपाठी को चेतावनी दी है कि यदि दो सप्ताह में जवाब पेश नहीं किया गया तो 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। जुर्माना राशि जमा करने पर ही जवाब स्वीकार किया जाएगा। जुर्माना एमपी लीगल एड के कोष में जमा करनी होगी। प्रकरण की अगली सुनवाई 18 नवंबर वाले सप्ताह में होगी।



याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता ग्रीष्म जैन की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि स्टेट बार के सदस्य जगन्नाथ त्रिपाठी ने मनमाने तरीके से आवंटित चैंबर का 54 माह तक लाभ उठाया है। इस अवधि के बिजली बिल का भी उनके द्वारा भुगतान नहीं किया गया है। हाईकोर्ट ने नियम विरुद्ध आवंटन पर अंतरिम रोक लगा दी थी। इसके बावजूद, दिवंगत हो चुके या जज बन चुके वकीलों के रिश्तेदारों को चैंबर आवंटित कर दिए गए हैं।

सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता की ओर से यह दलील दी गई कि चार माह गुजर चुके हैं, लेकिन स्टेट बार और सदस्य जगन्नाथ त्रिपाठी की ओर से अब तक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस जानकारी को रिकॉर्ड पर लेते हुए हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई और उपरोक्त आदेश जारी किए।

# रूस में सड़क हादसे का शिकार हुई छात्रा सृष्टि का शव पहुंचा मैहर, सीएम मोहन का प्रयास रहा सफल

**विजय मत, ब्यूरो, मैहर**



मध्यप्रदेश के मैहर की रहने वाली एमबीबीएस स्टूडेंट की रूस में एक सड़क हादसे के दौरान मौत हो गई थी। उसके बाद मध्यप्रदेश सरकार इस बेटी के पार्थिव शरीर को जल्द परिवार तक पहुंचाने के लिए भारत सरकार की सहायता मांगी थी, आज सृष्टि का पार्थिव शरीर घर पहुंच गया है। मध्यप्रदेश के मैहर की रहने वाली एमबीबीएस छात्रा की रूस में सड़क हादसे के दौरान मौत हो गई थी। उसके बाद मध्यप्रदेश की मोहन सरकार इस बेटी के पार्थिव शरीर को जल्द परिवार तक पहुंचाने के लिए भारत सरकार की सहायता मांगी थी। शनिवार को सृष्टि का पार्थिव शरीर उसके घर पहुंच गया है।

इकलौती बेटी की मौत का वज्राघात सहन कर रहे माता-पिता की नम आंखें बेटी की अंतिम झलक के लिए 10 दिन से इंतजार में रहीं। रशिया के उफा शहर में बीते शुक्रवार को सड़क हादसे में मृत मैहर की बेटी सृष्टि शर्मा (22) पिता डॉ. रामकुमार शर्मा का शव शनिवार यानी 19 अक्तूबर को मैहर पहुंचा है। मध्यप्रदेश सरकार की पहल पर सृष्टि का शव भारत लाया गया है। पार्थिव शरीर पहले दिल्ली पहुंचा था। उसके बाद मध्यप्रदेश सरकार की ओर से एयर एंबुलेंस के माध्यम से सतना हवाई पट्टी लाया गया। मैहर में सृष्टि का अंतिम संस्कार किया गया है। मैहर की रहने वाली सृष्टि शर्मा रूस के उफा में बश्किर स्टेट यूनिवर्सिटी में चौथे साल की मेडिकल छात्रा थी, जिसकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी दी कि रूस में अध्ययनरत मध्यप्रदेश के मैहर जिले की रहने वाली एमबीबीएस की छात्रा सृष्टि शर्मा पुत्री डॉ. रामकुमार शर्मा की कुछ दिनों पहले सड़क दुर्घटना में मृत्यु का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ था।

**खास-खबर** — **सत्र 2024-25 की पांचवीं व आठवीं परीक्षा की अंकसूची पर हालमार्किंग रहेगा**

# अब पांचवीं व आठवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची होगी हाइटेक

**विजय मत, भोपाल**

अभी तक मप्र बोर्ड 10वीं व 12वीं परीक्षा की अंकसूची डिजिटल प्रिंटिंग होती थी।साथ ही उसपर हालमार्क भी रहता था। अब पांचवीं व आठवीं वार्षिक परीक्षा के 25 लाख विद्यार्थियों को डिजिटल प्रिंटिंग अंकसूची प्रदान की जाएगी। साथ ही डुप्लीकेट अंकसूची से बचने के लिए अंकसूची पर हालमार्क भी लगा होगा। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम जारी होने के चार से पांच दिन बाद ही सुरक्षा मापदंडों के साथ अंकसूची प्रदान कर दी जाएगी।

स्कूल शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 से पांचवीं व आठवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची को डिजिटल प्रिंटिंग की पूरी तैयारी कर ली है। अभी तक राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से अंकसूची जिलों के स्कूलों में भेजी जाती थी। इससे विद्यार्थियों को अंकसूची एक या दो साल की देरी से मिल रही थी। यही कारण है कि स्कूल शिक्षा विभाग इस सत्र से अंकसूची डिजिटल प्रिंटिंग कर देगा, ताकि विद्यार्थियों को अंकसूची जल्द मिल सकेगा। बता दें, कि अभी तक राज्य शिक्षा केंद्र पिछले साल के 25 लाख विद्यार्थियों की अंकसूची तैयार नहीं कर पाया है।

डा.संजय गोयल, सचिव, मप्र स्कूल शिक्षा विभाग ने बताया कि इस बार से पांचवीं व आठवीं बोर्ड परीक्षा की डिजिटल प्रिंटिंग और सुरक्षा मापदंडों सहित हालमार्क अंकसूची प्रदान की जाएगी। इससे विद्यार्थियों को अकसूची जल्द मिल जाएगी और इसका डूप्लीकेट अंकसूची की संभावना भी खत्म हो जाएगी।




अभी तक राज्य शिक्षा केंद्र जिलों के स्कूलों में अंकसूची का प्रोफार्मा तैयार कर जिलों के स्कूलों में भेजता था।जिससे स्कूल में प्रोफार्मा पर अंक भरकर स्कूल प्राचार्य के हस्ताक्षर के बाद विद्यार्थियों को अंकसूची दी जाती थी।इससे कई जिलों में डुप्लीकेट अंकसूची का मामला भी सामने आया है।साथ ही अंकसूची एक-दो साल की देरी से मिलती थी।

# झूलेलाल के प्राचीन मंदिर में पूज्य बहिराणा साहब के साथ परम्पराओं का निर्वहन

**विजय मत, ब्यूरो, संत नगर**

भोपाल के संत हिरदाराम नगर में 18 अक्टूबर को एच वार्ड स्थित भगवान झूलेलाल जी के प्राचीन मंदिर में पूज्य बहिराणा साहब के साथ परम्पराओं का निर्वहन करते हुए हर शुक्रवार चण्डु (थारु) के दिन भगवान झूलेलाल जी की बहिराणा साहब की ज्योति प्रज्वलित कर भजन कीर्तन आरती पल्लव छेज के साथ भगवान इष्ट देव की आराधना की गई नाचते गाते घंटियां बजाते भगवान की आरती के बीच श्रद्धालुगण ने देश की खुशहाली समाज के उत्थान की प्रार्थना की। झूलेलाल जी सेवक पुरषोत्तम हरचंदानी और हरचंदानी परिवार के नेतृत्व में यह आयोजन माह के हर चण्डु (थारु) के दिन शाम 7 से 8.30 बजे तक होता है। जिसमें आरती पल्लव प्रार्थना ओर सिंधी भक्ति गीतों के साथ ही सिंधी कलाम भी पढ़े गाए और पेश किए जाते हैं। उल्लेखनीय है कि भगवान झूलेलाल



जी के बहराणा साहिब का बड़ा ही महत्व है। अभी हाल ही में 16 जुलाई से 24 अगस्त तक चलने वाले चालीसा महोत्सव में वेदांत संत लालसाईं जी ने स्वयं बहराणा साहब को अपने माथे पर श्रद्धा के साथ रखकर पूजा अर्चना की थी। यहां बता दें कि बहराणा साहब में ज्योत, मिश्री, फोटा, फल, लौंग और अखो होते हैं। पीछे एक मिट्टी का बर्तन है जिसमें नारियल है, जिसे कपड़े, फूल, पत्तियों और भगवान झूलेलाल की मूर्ति से ढका गया है। इसी मिट्टी के बर्तन में श्रद्धा के साथ शाम को दोनों हाथों से अखो अर्पित किया जाता है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा पीजी इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि., प्लॉट नं. 18, इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर म.प्र. से मुद्रित एवं विजय मत भवन, गायत्री मंदिर रोड, वार्ड नं. 13, शहडोल, म.प्र. से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र शहडोल होगा। आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2018/76119, e-mail: vijaymat.sdl@gmail.com

## न्यूज इन शॉर्ट



### सड़क दुर्घटना में शव वाहन चालक की मौत

उमरिया ।जिला अस्पताल में सेवारत शव वाहन चालक जिला अस्पताल से शव को लेकर मृतक के गृह ग्राम छोडने गया था, जहां से वापस लौटते समय वह दर्दनाक सडक हादसे का शिकार हो गया। घटना में उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि मुन्ना लाल की शनिवार को सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। मुन्ना लाल जिला अस्पताल में मृतक के शव को उसके गृह ग्राम छोड़कर शव वाहन लेकर वापस जिला अस्पताल लौट हो रहा था,इसी दौरान ग्राम भरौला के समीप सामने से रहे वाहन की जोरदार टक्कर से मुन्ना लाल चौधरी गंभीर रूप से घायल हुआ जिसके बाद उसकीं मृत्यु हो गई। इस दौरान शव वाहन भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, सिविल सर्जन सह अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ केसी सोनी ने बताया है कि मृतक मुन्ना लाल के परिजनों को नियमनुसार मदद की जाएगी। विदित हो लालपुर निवासी लकी सिंह पिता लालबहादुर सिंह जो शव वाहन मे मुन्ना के साथ गया था उसको भी गंभीर चोट आयी है जिला चिकित्सालय मे लकी सिंह का इलाज चल रहा है।

### बजरंग दल ने दी आंदोलन की चेतावनी



उमरिया । पुलिस अधीक्षक एवं उमरिया कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपते हुए बजरंग दल ने आदोलन की चेतावनी देते हुए कहा है कि जिले में अवैध षराब बनाई व बेची जा रही है । जिसके चलते युवा पीढी नषे के चक्र व्यूह में धसती जा रही है । निरंतर अपराध बढ रहे है । इसे रोकने के लिए अवैध रूप से बनाई जा रही षराब पर अंकुष लगाना जरूरी है ।

### तेंदूपत्ता बोनस ना मिलने से श्रमिकों का दीपावली का फीका रहेगा त्यौहार



घुनघुटी। तेंदू पत्ती संग्राहक श्रमिकों को सरकार हर वर्ष बोनस राशि का वितरण कराया करवाया करती है इस बोनस राशि से श्रमिकों के परिवार को बहुत बड़ा सहयोग हुआ करता है कई श्रमिक तो इस बोनस राशि से बच्चों की पढ़ाई और .षि कार्य किया करते हैं, कई गरीब श्रमिक बच्चों को इंतजार करवाते रहते हैं कि शीघ्र ही बोनस राशि मिलने पर आपका त्यौहार अच्छी तरह से मनाया जाएगा इसी तरह की चर्चा इस समय दीपावली त्यौहार के पहले हो रही है। सूत्रों की माने की सन 2022 का तेंदू पत्ती का बोनस उमरिया जिले के कई समितियां में पिछले वर्ष बांट दी गई है जबकि जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली के ग्राम काचोदर और घुनघुटी जैसे कुछ समितियां में 2023 की संग्राहक के बोनस राशि का वितरण आज दिनांक तक नहीं हुआ है सन 2024 के तेंदू पत्ती का बोनस राशि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कई महीनो पहले जारी करवा दिया गया है, जबकि इस राशि का वितरण उमरिया जिला में आज दिनांक तक नहीं हो पाया है। जिस बोनस राशि के इंतजार में क्षेत्रीय संग्राहक आज भी आस लगाए हुए हैं यदि इस बोनस राशि का वितरण समय से मिल जाए तो गरीब मजदूरों के परिवार का दीपावली त्यौहार अच्छी तरह से माना जा सके।

### शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में जिला चिकित्सालय के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



उमरिया । छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों में असामान्य दिनचर्या ,चिंता ,अनिद्रा एवं अस्वास्थ्यकारी खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन आदि के द्वारा उत्पन्न होने वाली विभिन्न बीमारियों के कारण एवं रोकथाम हेतु जागरुकता कार्यक्रम एवं मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आयुष्मान भारत उमंग उच्च शिक्षा कार्यक्रम के तहत किया गया । शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में जिला चिकित्सालय उमरिया के सहयोग से सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं को उत्तम स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न बीमारियों एवं उसके उपचार के संबंध में जानकारी देते हुए जिला चिकित्सालय की टीम के सीएचओ श्रीमती प्रतिभा यादव ,सुश्री रितिका ठाकुर ,आशा सुपरवाइजर श्रीमती मीनाक्षी त्रिपाठी , गायत्री वर्मा किशोर स्वास्थ्य परामर्श दाता ज्योति गोस्वामी सहित महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ अरुणेंद्र बहादुर सिंह , डॉ विजय डाबर ,डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं डॉ रामवृक्ष द्विवेदी के संयोजन में महाविद्यालय के अध्यनरत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों अधिकारियों कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन ऊंचाई एवं वजन आदि का परीक्षण किया गया । स्वास्थ्य शिविर के दौरान 53 आभा आईडी कार्ड, 53 चौट बोर्ड बीएमआई से संबंधित विभिन्न जांच एवं उमंग स्वास्थ्य केंद्र में दी जाने वाली सेवाओं पर चर्चा भी की गई ।

---

### सीईओ जिला पंचायत ने रामपुरनैकिन में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की

# निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन कर आवश्यक सुधार के दिए निर्देश

**विजय मत, सीधी।**



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज द्वारा शुक्रवार 18 अक्टूबर को सामुदायिक भवन रामपुर नैकिन के सभागार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, परियोजना अधिकारी मनरेगा एवं आवास, सहायक यंत्री मनरेगा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, ब्लाक समन्वयक आवास एवं एस.बी.एम, पी.सी.ओ.,उपयंत्री तथा समस्त ग्राम पंचायतों के सचिव तथा ग्रा.रो. सहा. उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गंत माह अक्टूबर 2024 तक के लक्ष्य के विरुद्ध मानव दिवस सृजन, एसटी, एससी परिवारों तथा महिला श्रमिकों को 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने की समीक्षा करते हुए मानव दिवस सृजन के लक्ष्य के सापेक्ष न्यून प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गई एवं लक्ष्य पूर्ति किये जाने हेतु कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। मनरेगा योजना से निर्माणाधीन गौशालाओं एवं अपूर्ण आंगनबाड़ी भवनों की समीक्षा के दौरान क्रियान्वयन ऐजेन्सी आर.ई.एस./ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 तथा उसके पूर्व के कार्यों की पूर्णता हेतु उपयंत्रियों एवं सचिव/ग्रामरोजगार सहायकों को समयावधि में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत प्रदत्त लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति, पी.एम. जनमन आवास पूर्णता एवं अपूर्ण आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी ग्राम पंचायत भवनों की बाहरी दीवार पर ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभांवित हितग्राहियों एवं प्रतीक्षा सूची के हितग्राहियों के नामों को स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया जाये। साथ ही पंचायत समन्वयक अधिकारियों को उनके कलस्टर की ग्राम पंचायतों के लिए आवास योजना का नोडल अधिकारी बनाया जाये।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन, एस.आर.एल.एम., तथा सम्बल योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारी कर्मचारियो को शासन की गाईड लाइन का पालन करते हुए समस्त योजनाओं में प्रगति करने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही व अनियमितता नहीं करने के निर्देश दिये गये।

#### भरतपुर हैण्डलूम क्राफ्ट का किया निरीक्षण

समीक्षा बैठक के उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत भरतपुर में म.प्र.डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित हैन्डलूम क्राफ्ट का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा प्रभारी अधिकारी से संचालित की जाने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई।

#### निर्माण कार्यो का किया अवलोकन

समीक्षा बैठक के उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत कपुरी कोठार में मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के अभिसरण से निर्मित तालाब निर्माण कार्य का एवं अन्य कार्यों का अवलोकन किया गया। इसके साथ ही चंदरेह स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर में दर्शन उपरांत सामुदायिक स्वच्छता परिसर चंदरेह का निरीक्षण किया गया, स्वच्छता परिसर में साफ सफाई तथा पानी की समुचित व्यवस्था न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत चंदरेह के सचिव/ग्राम रोजगार सहायक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये गये। इसके पश्चात ग्राम पंचायत झगरी के कनकटी ग्राम में मनरेगा योजना से निर्माणाधीन तालाब, गौशाला एवं पंद्रहवां वित्त से निर्मित चबूतरा निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। गौशाला निर्माण कार्य में कमियां पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेन्सी आर.ई.एस. के उपयंत्री को आवश्यक सुधार किये जाने के निर्देश दिये गये।

---

## बीएमएस से सम्बद्ध ट्रेड यूनियन ने मांगों को लेकर दिया धरना

**विजय मत, सीधी।**



भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध अल्ट्राटेक सीमेंट कर्मचारी एवं खदान श्रमिक संघ मझिगवां जिला सीधी मध्यप्रदेश ट्रेड यूनियन द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की इकाई सीधी सीमेंट प्लांट में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों तथा कामगारों की समृद्धि हेतु पूर्व में प्रेषित किए गए ध्यानाकर्षण, तथा स्मरण पत्र एवं मांग पत्रों के समर्थन में 18, अक्टूबर 2024,को आयोजित किया गया धरना प्रदर्शन तीन घंटे की समयावधि के अंतराल में प्लांट प्रबंधन की सकारात्मक कार्यवाही उपरांत सैकड़ों श्रमिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। श्रमिकों के हितार्थ यूनियन द्वारा प्रेषित किए गए मांग पत्रों को यूनिट प्रमुख द्वारा संज्ञान में लिये जाने तथा एक सप्ताह की समयावधि में यूनियन प्रबंध कार्यकारिणी के साथ सकारात्मक वार्ता कर समुचित निर्णय लिए जाने संबंधी प्रबंधन के प्रशासनिक तथा ईआर विभाग के प्रबंधकीय अधिकारी द्वय के लिखित आश्वासन उपरांत भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति को परिभाषित करते हुए कार्यक्रम का समापन यूनियन अध्यक्ष वीरभानु सिंह द्वारा किया गया। तत्संबंधी जानकारी से अवगत कराते हुए बताया गया कि यूनियन की ओर से कहा गया है कि सामयिक रूप में इसी माह में श्रमिकों को दिये जाने वाले वार्षिक बोनस राशि को पूर्व की भांति नियत मनमाफिक राशि के रूप में श्रमिकों को नहीं दिया जाना चाहिए, उक्त के संबंध की वार्ता उपरांत बोनस बढ़ोतरी राशि जो भी तय हो जाय,उसी अनुसार श्रमिकों को दिया जाय। साथ ही अन्य सभी श्रेणीबद्ध श्रमिकों के हित मूलक मांगों को समुचित तरीके से प्रबंधन द्वारा मान्य किया जाकर उसे कार्य रूप में परिणित किया जाय, अन्यथा पूर्व की भांति दिए गए आश्वासन के विरुद्ध प्रबंधन द्वारा किए गए कार्यों की पुनरावृत्ति को यूनियन की ओर से बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में यूनियन काम एवं कारोबार बंद कर हड़ताल करने हेतु बाध्य रहेगा।उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ अशांतिपूर्ण वातावरण निर्मित कर कदाचरण जैसे कृत्यों से पृथक रहते हुए देश हित, उद्योग हित तथा श्रमिक हित में कार्य करने पर बल देकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में समरसता पूर्ण कार्य संपादित करने का धनी है, जिसके बलबूते कुप्रबंधन कार्य शैली तथा श्रमिक विरोधी गतिविधियों को समाप्त करने तथा श्रमिकों को मानसिक, शारीरिक, आर्थिक रूप से मजबूत करने तथा उन्हें शोषण मुक्त कराने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य करने पर विश्वास करता है। उन्होंने कहा कि कार्यरत श्रमिकों को मूल भूत तथा बुनियादी एवं औद्योगिक प्रतिष्ठान के विहित प्रावधानों के लाभ तथा सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं से प्रबंधकीय हठधर्मिता तथा श्रमिक विरोधी हथकंडे निर्मित कर श्रमिकों को वंचित नहीं किया जा सकता। श्रमिकों के हितार्थ आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को निर्बाध रूप से संपन्न कराने में पुलिस चौकी प्रभारी पिपरांव के सहित जिला प्रशासन का सहयोग सकारात्मक तथा अपेक्षाकृत रहा।

---




## शासकीय महाविद्यालय मड़वास में दो दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

**विजय मत, सीधी।**

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मड़वास में दो दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष उच्च शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को कला मंच प्रदान करने के उद्देश्य से युवा उत्सव का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आई.पी.प्रजापति के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा कि ष्युवा उत्सव छात्रों को अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत करने का बेहतर मंच होता है जहाँ पर उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। युवा उत्सव के दो दिवसीय आयोजन के सम्बंध में संयोजक डॉ. दीपक अग्निहोत्री ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में रूपांकन, साहित्यिक, सांस्कृतिक और सांगीतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर, परिचर्चा, रंगोली, क्ले मॉडलिंग, वाद-विवाद, एकल/रुसमूह नृत्य, एकल/समूह गायन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

---

### भाजपा की सक्रिय सदस्यता का भव्य शुभारंभ

## प्रदेश महामंत्री, प्रदेश मंत्री, जिलाध्यक्ष, सांसद, विधायक सहित सैकड़ो लोग बने पार्टी के सक्रिय सदस्य

**विजय मत, सीधी।**



भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व के अंतर्गत पार्टी कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में सक्रिय सदस्यता का शानदार और भव्य शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान को मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक शरदेन्दू तिवारी, प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय एवं सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने सक्रिय सदस्यता दिलाई। उसके पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने प्रदेश महामंत्री पूर्व विधायक शरदेन्दू तिवारी, लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष के के तिवारी, सक्रिय सदस्यता टोली के सदस्य बृज बिहारी लाल शर्मा और अशोक पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष लालचंद गुप्ता, जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, राम प्रसाद वैश्य, जिला उपाध्यक्ष अंजू पाठक, प्रमोद द्विवेदी, अनिल पाण्डेय, सुरेश सिंह चौहान, संदीप द्विवेदी, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, सह कार्यालय मंत्री अजीत पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, प्रदीप शुक्ला, पंकज पाण्डेय सहित सैकड़ो लोगों को भाजपा की सक्रिय सदस्यता दिलाई। इस दौरान उपस्थित समुदाय ने भारत माता की जय और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाए और सभी को पार्टी का सक्रिय सदस्य बनने के लिए शुभकामनाएं दी। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने सभी जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।

---

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बनी विजेता

सीधी । उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार ''प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस'' संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में जिला स्तरीय पुरुष टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 18-10-2024 को किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के सिंह ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की सीख देते हुए खेल को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने की बात कही। प्राचार्य ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है इसलिए शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल आज के जीवन शैली में बहुत ही आवश्यक है।

---

## अखंड सौभाग्य के लिए महिलाएं आज रखेंगी निर्जला व्रत

**विजय मत, सीधी।**



हिंदू धर्म में महिलाओं के अनेक व्रत आते हैं जिन्हें यह व्रत सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन महिलाएं चांद का दीदार करने के पूर्व तक निर्जला व्रत रहकर अपने अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं। चांद का दीदार होने के बाद विधि-विधान से पूजा उपरांत व्रत तोड़ती हैं। करवा चौथ का व्रत विवाहित महिलाएं रखती हैं। इस दिन वह सज-धज कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए करवा माता की पूजा करती हैं। इस व्रत की तैयारी के लिए महिलाएं सप्ताह भर से बाजार में आकर्षक आभूषणों के साथ-साथ श्रृंगार सामग्री व साडियों का कलेक्शन करने में जुटी रहीं। यही वजह रही कि बीते सप्ताह भर से बाजार में अच्छी खासी भीड़ भी बनी रही। कहा जाता है कि इस दिन महिलाएं भगवान शिव माता पार्वती, कार्तिकेय एवं भगवान गणेश तथा चंद्रमा माता की पूजा करती हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार करवा चौथ का व्रत आज 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। शायं 7-55 पर चंद्रोदय के बाद यह व्रत टूटेगा। सुबह से ही घरों सहित मंदिरों में व्रत रखने वाली महिलाएं भगवान शिव माता पार्वती की आराधना में लीन हो जाते हैं। ऐसा कहा गया है कि इस दिन भगवान शिव की पार्थिव पूजा करने से शिव जी द्वारा व्रती महिलाओं को वांछित फल एवं अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद देते है।

---

**अपराध**

### आरोपियों द्वारा कुल्हाडी से हमला कर मृतक को प्राणघातक चोटे पहुंचाकर की गई थी हत्या

# हत्या के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विजय मत, उमरिया।**




फरियादिया राखी कचेर निवासी जेल बिल्डिंग के पीछे उमरिया द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है मेरे पति द्वारा मुझसे लड़ाई-झगड़ा होने के कारण करीब 4 वर्ष से अपने पति महेन्द्र कचेर से अलग रह रही हूं । इसी दौरान रिक्की सिंह गौड से मेरी जान पहचान हुई जिसके साथ मैं वर्तमान में शादी करके रह रही हू । रिक्की सिंह गौंड के साथ रहने के कारण इस बात से नाखुश होकर मेरे भाई राजू एवं कान्हा कचेर रंजिश रखते थे । दिनांक 16अक्टूबर 2024 की शाम इसी बात को लेकर मेरे दोनो भाई घर आये और तोडफोड करने लगे तभी रिक्की सिंह गौंड घर वापिस आये तब उनके साथ गाली गुप्तार कर मारपीट करने लगे और अपने पास रखे टंगिया से हमला कर प्राणघातक चोटे पहुंचाये उसके बाद घटनास्थल से भाग गये । उसके पश्चात 100 डायल पर मेरे द्वारा कॉल कर घायल रिक्की सिंह गौंड को इलाज हेतु जिला अस्पताल भर्ती कराया गया । फरियादिया कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 515/24 धारा 296,109 (1), 3(5) बीएनएस एवं 3(2)(ट) एससी एसटी एक्ट के तहत कायम कर विवेचना में लिया गया । मामले में आहत की मृत्यु कारित होने पर धारा 103 (1) बी एन एस का इजाफा किया गया ।

मामले की गंभीर प्र.ति को देखते हुये पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदिता नायडू , अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया , अनु. अधि. पुलिस उमरिया द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरतारी हेतु थाना कोतवाली से पुलिस टीम गठित कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते पूरी रात आरोपी के छिपे होने के संभावित सभी स्थानो पर रेड कार्यवाही की गई परंतु आरोपियों का पता नही चल सका । पुलिस टीम द्वारा प्रयास जारी रखे गये जिससे आरोपियों के ग्राम चन्नौड़ी जिला शहडोल में जंगल में छिपे होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल संभावित स्थान पर रवाना होकर घेराबंदी कर दोनो आरोपियों को गिरतार किया गया । पुलिस अधीक्षक उमरिया के निर्देशन एवं मॉनिटरिंग में पुलिस टीम द्वारा 2 दिनो तक लगातार किये गये प्रयासो के परिणामस्वरूप दोनो आरोपियों को गिरतार करने में उमरिया पुलिस को सफलता हाथ लगी । गिरतार आरोपियों के नाम राजू कचेर उम्र 39 साल निवासी वार्ड नंबर 04 फजिलगंज उमरिया , कान्हा कचेर उम्र 18 साल निवासी वार्ड नंबर 04 फजिलगंज उमरिया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली उनि बालेन्द्र शर्मा, उप निरीक्षक आरएस मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक सुभाष यादव, सउनि देवेंद्र प्रजापति, सउनि बाबूलाल सिंह, प्रधान आरक्षक प्रकाश पटेल, आरक्षक सुनील सिंह, आरक्षक भूपेंद्र सिंह एवं सायबर सेल से संदीप सिंह की सराहनीय भूमिका रही है ।

संस्थापक
**श्री रामसिपाही शुक्ल**

## जैसी बम की फर्जी धमकियां एक गंभीर समस्या

बचपन में एक झूठे गड़रिये की कहानी शेर आया शेर आया शीर्षक से स्कूल में सुनी और पढ़ी थी। इस कहानी के केंद्र में झूठा गड़रिया था जो गांव वालों का ध्यान आकर्षित करने के लिए शेर आने की झूठी अफवाहें फैलाता था, लेकिन जब वाकई शेर आ गया तो उसकी बात पर किसी को यकीन नहीं हुआ और इस तरह उस झूठे गड़रिये की कहानी का अंत हो गया। यह शिक्षाप्रद कहानी झूठ नहीं बोलने या अफवाह फैलाने से बचने के लिए सबक देती है। इस कहानी की याद इस वक्त इसलिए आ गई कि देश में बम की फर्जी धमकियों के मामलों ने एक रिकॉर्ड बना लिया है। स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, रेल और सरकारी दफ्तरों में बम होने की झूठी अफवाहें फैलाने वाले अब एयरलाइंस को अपने निशाने में ले रखे हैं। इस साल विभिन्न भारतीय एयरलाइंस की फ्लाइट्स को अभी तक करीब 400 से ज्यादा धमकियां मिल चुकी हैं। इसे लेकर सुरक्षा एजेंसियां कह रही हैं कि इससे पहले तक तो इस तरह के धमकी भरे कॉल इतनी तादाद में कभी नहीं मिले। यह भी अपने आप में एक रिकॉर्ड बनाने जैसा हो गया है। पर इससे क्या, क्योंकि एक बम की फर्जी धमकी भी बहुत ज्यादा नुकसान करने वाली साबित होती है। बम की एक फर्जी धमकी से जहां एयरलाइंस को करीब 3 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ता है, वहीं यात्रियों को होने वाली परेशानियों का तो आंकलन भी नहीं किया जा सकता है। इस लिहाज से बम की फर्जी कॉल्स एक बेहद गंभीर और खतरनाक समस्या बन गई है। यह न केवल सुरक्षा बलों और प्रशासन के लिए चुनौती उत्पन्न कर रही है, बल्कि व्यापारिक व सामाजिक सामान्य कामकाज को भी बाधित कर रही है। इस प्रकार के धमकीभरे कॉल व संदेश के कारण कई बार सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, ऑफिसों, और यहां तक कि ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों समेत हवाई अड्डों पर अफरा-तफरी मच जाती है। ऐसी स्थितियाँ ना केवल जान-माल के नुकसान की संभावनाओं को जन्म देती हैं, बल्कि अनावश्यक तनाव और भय का माहौल भी पैदा करती हैं। सामान्य सी बात है कि जब कहीं बम होने की फर्जी सूचना होती है, तो पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आती हैं। बम स्क्वॉड और सुरक्षा दल उस स्थान को खाली करवाते हैं और गहन जांच शुरू की जाती है। इस प्रक्रिया में समय, संसाधन और मानवशक्ति की भारी बर्बादी होती है।

## विन्ध्य की उड़ान को लगे सुनहरे पंख



**राजेन्द्र शुक्ल**

> दो वर्ष पूर्व इंदौर में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स मीट में विश्वभर के उद्यमियों के बीच माननीय ज्योतिरादित्य सिंधिया जी(तत्कालीन नागरिक विमानन व उड्डयन मंत्री) ने सगर्व यह घोषणा की थी कि हम मध्यप्रदेश का छठवे हवाईअड्डे को निर्मित और विकसित करने जा रहे हैं।उनकी इस घोषणा ने दुनियाभर के उन उद्योगपतियों के ध्यान को आकृष्ट किया जो यहाँ पावर व माइनिंग सेक्टर, वाइल्ड लाइफ टूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग इन्डस्ट्रीज की संभावनाओं को देखते हैं।शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने वालों के लिए यह अवसरों का दरवाजा खोलने वाला है।यह सुयोग है कि 23 अक्टूबर को रीवा में विन्ध्य में इन्वेस्टर समिट और रीजनल इन्डस्ट्रियल कान्क्लेव का आयोजन है।यह हवाई अड्डा विन्ध्यक्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से एक्सीलेटर की भूमिका निभाएगा यह मेरा दृढ़ विश्वास है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जब कहते थे कि वह दिन भी अब दूर नहीं जब हमारे देश के हवाई चप्पल वाले लोग भी हवाई जहाज में उड़ान भरेंगे तब विरोधी इसे महज जुमला कहकर बात हवा में उड़ा देते थे। ऐसे लोगों को आज रीवा आकर देखना चाहिए कि सपना किस तरह यथार्थ के धरातल पर उतरकर चरितार्थ होता है। 20 अक्टूबर 2024 की तारीख विन्ध्यक्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनने जा रही है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी चिरप्रतीक्षित रीवा हवाई अड्डे का लोकार्पण करने जा रहे हैं। इस अवसर पर लोकप्रिय मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, रीवा के प्रभारी मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल साथ ही विन्ध्य के सांसद-विधायक गण, उद्यमी व नागरिक गण हवाई अड्डे पर आयोजित गौरवमयी ऐतिहासिक समारोह के साक्षी रहेंगे। माननीय प्रधानमंत्री जी रीवा में एक ऐसे हवाई अड्डे को लोकार्पित करने ने जा रहे हैं जो भविष्य में उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण एयर ट्रैफिक डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा ही इस क्षेत्र को विकास के उच्च पायदान पर स्थापित करेगा। औद्योगिक निवेश और पर्यटन के लिए वैश्विक संभावनाओं का पथ प्रशस्त होगा। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि रीवा का हवाईअड्डा कई चरणों में विकसित हो रहा है। प्रथम चरण में 72 सीटर यात्री विमान के उड़ान की सुविधा प्रारंभ हो रही है। पाँच साल में रीवा का हवाईअड्डा बोइंग की लैंडिंग और अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए बनकर तैय्यार रहेगा। वह दिन दूर नहीं जब यहां से विदेशों के लिए भी हवाई जहाज उड़ने लगेंगे।

रीवा एयरपोर्ट शिलान्यास के बाद रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ है, इस उपलब्धि के लिए भारतीय विमान प्राधिकरण व स्थानीय प्रशासन अभिनंदन का पात्र है। हवाई यातायात की सुविधा की दृष्टि से रीवा अब भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, खजुराहो की श्रेणी में आकर खड़ा हो गया है। भविष्य में हम और भी आगे बढ़ेंगे। देश में श्री मोदी जी और प्रदेश में डा. मोहन यादव के कुशल और फलदायी नेतृत्व के अनुभव को देखते हुए मैं यह विश्वास पूर्वक कह सकता हूँ कि अगले पाँच वर्षों के भीतर हम-सब का सपना पूर्णरूपेण यथार्थ के धरातल पर उतर जाएगा। यह विन्ध्य की आशाओं के केन्द्र रीवा के विकास का श्रेष्ठ व उन्नत दौर है जो स्वतंत्रता के अमृतकाल में प्रारंभ हो हुआ है। मैं जब कहता हूँ कि अब रीवा मध्यप्रदेश के ही नहीं देश के समुन्नत और श्रेष्ठ महानगरों की श्रेणी में कदमताल मिलाकर चल पड़ा है तो इसके पीछे ठोस आधार है। 1956 तक रीवा विन्ध्यप्रदेश की राजधानी रहा है और तब इसकी हैसियत भोपाल, लखनऊ, पटना और भुवनेश्वर जैसे शहरों के समकक्ष थी। कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक द्वेषवश रीवा से एक प्रदेश की राजधानी का गौरव छीन लिया।

1956 से 2004 तक यह उपेक्षित और अभिशप्त पड़ा रहा। विन्ध्य में आज जो प्राकृतिक संसाधन हैं वो कल भी थे। आम नागरिकों में विकास की ललक और अपेक्षाएं कल भी वैसी ही थीं। केन्द्र में अटलजी और उसके बाद मोदीजी की नेतृत्व की व प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान और अब डा.मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने आहत और उपेक्षित विन्ध्यवासियों की पीड़ा और भावनाओं को समझा है। आज यह क्षेत्र कई मामलों देश में अग्रगण्य है। जब मैं कहता हूँ कि रीवा एयरपोर्ट उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण एयरपोर्ट होगा तो मेरी दृष्टि के सामने सिंगरौली का पावर काम्प्लेक्स उभरकर सामने आता है। सिंगरौली में थर्मल प्लांटस में 20,000 मेगावाट से ज्यादा विद्युत उत्पादन होता है। देश का यह सबसे बड़ा पावर काम्प्लेक्स है। रीवा से सिंगरौली तक विश्वस्तरीय सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित होकर पूर्णता के करीब है। जो यात्री पाँच घंटे में बनारस पहुँचते थे वे दो घंटे में रीवा एयरपोर्ट के लाउंज में होंगे। विन्ध्य की 29 बड़ी औद्योगिक इकाईयां 225 किमी की परिधि में फैली हैं और प्रायः सभी नेशनल हाइवेज से जुड़ी हैं। अपने रीवा का हाइवेज जंक्शन पहले ही विकसित हो चुका है। इन औद्योगिक इकाइयों के अधिकारियों के लिए रीवा एयरपोर्ट कितनी बड़ी सहूलियत बनने जा रहा है यह अब उनसे ही पूछ सकते हैं। विन्ध्य की वाइल्डलाइफ टूरिज्म का विश्व में स्थान है। यहाँ। का सफेद बाघ दुनियाभर के चिड़ियाघरों में दहाड़ रहा है। टीवी में दिखने वाला हर दूसरा बाघ या तो बांधवगढ़ का है या कि पन्ना का। पर्यटकों के लिए यह कितना आसान हो जाएगा। रीवा में 750 मेगावाट का सोलर पावर काम्प्लेक्स एशिया के बड़े पावर प्रोडक्शन यूनिट में शामिल है। रीवा में खूबसूरत प्रपातों की श्रृंखला है। भगवान राम का तपोवन चित्रकूट और माँ शारदा के धाम मैहर कौन नहीं आना चाहेगा।

बाणसागर का वृस्तित जल प्रक्षेत्र और उसके द्वीप विकसित होने पर हनुवंतिया के आकर्षण से आगे का प्राकृतिक सौंदर्य प्रस्तुत करेंगे। अपना विन्ध्य पावर हब की तरह सीमेंट का भी प्रोडक्शन काम्प्लेक्स है। प्रायः सभी बड़े औद्योगिक घरानों का निवेश यहां आया है। रीवा में नागपुर की तरह मेडिकल फैसिलटी और कोटा की तरह एकडमीज का विस्तार हो रहा है। हम यह गर्व के साथ कह सकते हैं कि देश का हर दसवां घर विन्ध्य में उत्पादित बिजली से रोशन हैं। देश के हर दसवें घर की बुनियादें यहां की फैक्ट्रियों से बनी सीमेंट से बेजोड़ और मजबूत हुई हैं। अभी तीन लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हुई है, बाणसागर का पानी जब 9 लाख हेक्टेयर तक पहुँचेगा तब यहाँ के किसानों की स्थिति क्या बनेगी कल्पना की जा सकती है। विन्ध्यवासियों की क्रयशक्ति बढ़ी है और यही सब क्षमता मिलकर रीवा को उत्तरमध्य भारत के सबसे विकसित महानगर बनाने का काम करेगी।




रीवा एयरपोर्ट लोकार्पण पर विशेष

रीवा इंदौर की तर्ज पर आगे बढ़ रहा है। शहरी विकास की रेटिंग एजेंसियां रीवा को संभावनाओं का महानगर बता रहे हैं। इन्हीं सबके आधार पर मैं यह कहता हूँ कि रीवा एयरपोर्ट विन्ध्य के उन्नत उडान के लिए स्वर्णिम पंख लगाने जा रहा है। रीवा एयरपोर्ट के फलितार्थ होने में भी परिश्रम की पराकाष्ठा शामिल है। मैं आभारी हूँ तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज जी का, मुझे वह तारीख 13 जनवरी 2015 आज भी याद है जब उन्होंने सिविल एविएशन मिनिस्ट्री को रीवा में एयरपोर्ट की संभावनाओं के अध्ययन के लिए पत्र लिखा। इसके बाद वह सिलसिला चल निकला। प्रधानमंत्री जी ने किफायती दरों वाली उडान योजना लांच की तो उन्हीं की कृपा से रीवा उडान में शामिल हो गया। श्री सिंधिया जी ने जब से उड्डयन विभाग की कमान सँभाली रीवा एयरपोर्ट उनकी प्राथमिकता में सर्वोपरि रहा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने प्रदेश सरकार से कहा कि हमें रीवा के लिए 258 एकड़ भूमि और चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने बिना वक्त गँवाए इसके लिए 209 करोड़ रुपये उपलब्ध करा दिए।

जब जनसेवा का भाव और संकल्प प्रबल होता है तब दैवयोग से सभी कार्य ऐसे ही सधते जाते हैं जैसे कि रीवा एयरपोर्ट की कल्पना और उसे अब यथार्थ के धरातल पर उतरते हुए देखना। मैं विन्ध्यजनों की ओर से, रीवा के नागरिकों की ओर विनयवत हूँ, आभारी और कृतज्ञ हूँ।

**(लेखक-मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री हैं)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## द्वापर युग के बाद पन्ना में होता है सबसे बड़ा रास

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

मध्यप्रदेश की हीरा नगरी पन्ना में प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन होता है। शरद पूर्णिमा की रात्रि में रात करीब एक बजे बंगलाजी से श्रीजी की सवारी ब्रह्म चबूतरे में लाई जाती है। रातभर महारास का उल्लास चलता है, ब्रह्म चबूतरे में पांच दिनों तक यह सवारी रुकती है। इस दौरान पांच दिन तक गरबा सहित विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते है और शरद पूनम की चांदनी रात में प्राणनाथ का सौंदर्य देखते ही मनमोहक हो जाता है। जब चांद पूरा खिला हो,तभी ब्रह्म चबूतरे पर बने बंगलाजी मंदिर से श्रीजी की सवारी को हजारों सुन्दरसाथ नाचते-गाते, गरबा खेलते हुए रासमंडल में पधारते है। इस अवसर पर प्रणामी धर्मावलंबी रास उत्सव का आनंद लेते हुए भक्ति रस के अमृत का पान करते है। महोत्सव में देश-विदेश से हजारों सुंदरसाथ आते हैं। महामति प्राणनाथ ने संवत् 1740 में खेजड़ा मंदिर परिसर में बुंदेलखंड की रक्षा के लिए महाराजा छत्रसाल को विजयादशमी के दिन वरदानी तलवार सौंपी थी और वीरा उठाकर संकल्प कराया था कि जब तक जीतकर नहीं आओगे तब तक मैं यहीं ठहरुंगा। परिणाम यह रहा कि महाराजा छत्रसाल ने पूरे बुन्देलखंड पर विजय प्राप्त कर ली और अपना साम्राज्य स्थापित कर पन्ना को राजधानी बनाया था।उन्होंने औरंगजेब के सरदारों को धूल चटा दी थी।इस संदर्भ में तेरस की सवारी का आयोजन पहली बार बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल ने किया था। सद्गुरु के सम्मान की प्रतीक इस सवारी को लेकर मान्यता है कि जब बुंदेलखंड को चारों तरफ से औरंगजेब के सरदारों ने घेर लिया था तब महामति प्राणनाथ ने महाराजा छत्रसाल को अपनी चमत्कारी दिव्य तलवार देकर विजयश्री का आशीर्वाद देकर कहा था कि हे राजन जब तक तुम अपने दुश्मनों को धूल चटाकर नहीं आ जाते तब तक मैं इसी खेजड़ा मंदिर में ही रुकूंगा। तेरस को जब महाराजा छत्रसाल अपने दुश्मनों पर विजयश्री पाकर कर लौटे तो सद्गुरुमहामति प्राणनाथ को पालकी में बिठाकर अपने कंघों का सहारा देकर प्राणनाथ मंदिर स्थित गुम्मट बंगला (जिसे ब्रह्म चबूतरा भी कहते हैं) लाए थे।प्राणनाथ गुंबट बंगला में अपने 5 हजार सुंदरसाथ के साथ ठहरे थे।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## पति की दीर्घायु की कामना का पर्व है करवा चौथ

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हमारा देश एक धर्म प्रधान देश हैं। यहां साल के सभी दिनो का महत्व होता है तथा साल का हर दिन पवित्र माना जाता है। भारत में करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब का पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चन्द्रमा दर्शन के बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलायें करवा चौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। करवा चौथ का व्रत हर साल महिलाओं द्वारा अपने पतियों के लिए किया जाता हैं और यह न केवल एक त्यौहार है बल्कि यह पति-पत्नी के पवित्र रिश्तों का पर्व है। कहने को तो करवा चौथ का त्यौहार एक व्रत है लेकिन यह नारी शक्ति और उसकी क्षमताओं का सवश्रेष्ठ उदहारण हैं। क्योंकि नारी अपने दृढ़ संकल्प से यमराज से भी अपने पति के प्राण ले आती हैं तो फ़िर वह क्या नहीं कर सकती हैं।

आज के नये जमाने में भी हमारे देश में महिलायें हर वर्ष करवा चौथ का व्रत पहले की तरह पूरी निष्ठा व भावना से मनाती है। आधुनिक होते समाज में भी महिलायें अपने पति की दीर्घायु को लेकर सचेत रहती है। इसीलिये वो पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नी का अपने पति से कितने भी गिले-शिकवे रहें हो मगर करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वो एकाग्र चित्त से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना से व्रत जरूर करती है। यह व्रत लगातार 12 अथवा 16 वर्ष तक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं। इस व्रत के समान सौभाग्यदायक व्रत अन्य कोई दूसरा नहीं है। इसीलिये सुहागिन स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षार्थ इस व्रत का सतत पालन करती है।



करवा चौथ पर विशेष

किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। जो सुहागिन स्त्रियां अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं वे व्रत रखती हैं। बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी पर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा की स्थापना करें। मूर्ति के अभाव में सुपारी पर नाल बांधकर ईश्वर का स्मरण कर स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवों का पूजन करें। करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। दिन में करवा चौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें। शास्त्रों के अनुसार पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की पूजा-अर्चना की जाती है। करवा चौथ में दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्घ्य देने के उपरान्त ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवा चौथ व्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं। लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं। सायंकाल चंद्रमा के उदित हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्घ्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराएं। भोजन के पश्चात ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दें। अपनी सासूजी को वस्त्र व विशेष करवा भेंट कर आशीर्वाद लें। यदि वे न हों तो उनके तुल्य किसी अन्य स्त्री को भेंट करें। इसके पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करें।

कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात उस चतुर्थी की रात्रि को जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है। उस दिन प्रातः स्नान करके अपने पति की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा का पूजन करें। शुद्ध घी में आटे को सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर नैवेद्य हेतु लड्डू बनाएं। काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से तैयार किए गए मिट्टी के अथवा तांबे के बने हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार 10 अथवा 13 करवे रखें। करवा चौथ के बारे में व्रत करने वाली महिलाएं कहानी सुनती है। एक बार पांडु पुत्र अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी नामक पर्वत पर गए। इधर द्रोपदी बहुत परेशान थीं। उनकी कोई खबर न मिलने पर उन्होंने कृष्ण भगवान का ध्यान किया और अपनी चिंता व्यक्त की। कृष्ण भगवान ने कहा बहना इसी तरह का प्रश्न एक बार माता पार्वती ने शंकरजी से किया था। पूजन कर चंद्रमा को अर्घ्य देकर भोजन ग्रहण किया जाता है। सोने, चाँदी या मिट्टी के करवे का आपस में आदान-प्रदान किया जाता है। जो आपसी प्रेम-भाव को बढ़ाता है। पूजन करने के बाद महिलाएँ अपने सास-ससुर एवं बड़ों को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लेती हैं। तब शंकरजी ने माता पार्वती को करवा चौथ का व्रत बतलाया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## शब्द पहेली - 8163

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | | 3 | | 4 |
| | | | 5 | 6 | 7 | | | |
| 8 | 9 | | | 10 | | | | |
| | 11 | 12 | | | | 13 | 14 | |
| | 15 | | | | 16 | | | |
| 17 | | | | 18 | | 19 | | |
| | | | 20 | | | | 21 | 22 |
| | | 23 | | | 24 | | | |
| 25 | | | | | 26 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. ओस की बूंदे (उर्दू-4)
3. आसमान, गगन-3
5. निम्न, जो स्त्रीय न हो-4
8. रात्रि, निशा-2
10. सिलना, छाती
11. नश, नाड़ी-2
13. एक समाज सुधारक जिनके दोहे काफी प्रसिद्ध हैं-2
15. इसे आंखों में लगाते हैं-3
16. प्रभाव-3
17. समीप, पास, नजदीक-3
19. भगवान, खुदा-2
20. जानवर इसे खाते हैं-2
21. होठ, अधर-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. प्रकार-3
26. बेबस, लाचार-4

### ऊपर से नीचे

1. चिंगारी, अंगारा-3
2. मस्ती में चूर-2
3. इज्जत, साख-2
4. तलवार (उर्दू-4)
6. रसदार, रस से भरा-3
7. मेहंदी, ऋषि कपूर की फिल्म-2
9. सब्जी, भाजी-4
13. कमी-3
14. अकबर के एक हिंदू सलाहकार-4
17. अचरज भरा कार्य-4
18. वायुसेना के एक विमान का नाम-3
20. चाहत, प्रेम-2
22. ऋतुराज, मौज-मस्ती-3
23. रास्ता, डगर-2
24. एक पेड़ जिसकी टहनी से दातुन करते हैं-3

### शब्द पहेली -8162 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ब | र | ग | द | | स | | |
| | द | | म | | कि | फ़ा | य | त |
| अ | ना | प | | कि | रा | या | | ह |
| | म | र | ना | | ये | | रा | जी |
| प्र | | स | म | झ | दा | र | | ब |
| त्या | ग | | क | | र | स | ना | |
| रो | | ज | मा | त | | म | म | ता |
| प | न | प | ना | | चो | | ची | |
| | | ना | | अ | र | मा | न | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6948

★ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6947 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट



### मछली पकड़ने गए दो युवकों की पिपरिया जलाशय में डूबने से मौत

अनूपपुर। कोतमा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत देवगवां के जोगीटोला गांव से लगे पिपरिया जलाशय में शुक्रवार की रात मछली पकड़ने गए दो युवकों की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर कोतमा थाना ने जिला मुख्यालय रेस्क्यू दल को सूचना देते हुए शनिवार की सुबह दोनों युवकों का शव बांध के नहर के गहरे पानी से बरामद करते हुए कोतमा पुलिस को सौंपा है। जानकारी के अनुसार कोतमा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत देवगवां के जोगीटोला में रहने वाले 25 वर्षीय तुलसी केवट पिता मनी केवट एवं 28 वर्षीय कृष्णपाल सिंह पिता सुंदर सिंह शनिवार की रात गांव से कुछ दूर पर स्थित पिपरिया जलाशय के नहर के पास जाल लेकर मछली पकड़ने गए थे। जिनके देर रात तक घर वापस नहीं आने पर परिजनों व ग्रामीणों द्वारा कोतमा पुलिस को दोनों युवकों के पानी में डूब जाने का संदेह व्यक्त करते हुए खोजबीन की गुहार लगाई। कोतमा पुलिस ने भी मामले को गंभीर मानते हुए तत्काल जिला मुख्यालय अनूपपुर के एसडीईआरएफ के रेस्क्यू दल प्रमुख कमांडेंट जेपी उईके को सूचना दिया। जिसके बाद मुख्यालय से रेस्क्यू दल प्रभारी प्लाटून कमांडेंट रामनरेश भवेदी के नेतृत्व में नायक मुन्नालाल, सैनिक अनुज कुमार, रामभरोसे सिंह, सुनील सिंह, भूपेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह घटना स्थल पहुंचे। शनिवार की सुबह रेस्क्यू का कार्य प्रारंभ किया गया। इस दौरान बांध के गहरे पानी में कई घंटे तक खोजबीन पर दोनों युवकों का शव बरामद किया गया, जिसे कोतमा पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने दोनों शव का पंचनामा तैयार कर पीएम उपरांत परिजनों को सौंप दिया। इस दौरान कोतमा थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह, उपनिरीक्षक पीएस बघेल के साथ पुलिस दल एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### तीन वर्षों से चोरी के मामले में फरार ईनामी स्थायी गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार




अनूपपुर। कोतवाली थाना पुलिस ने तीन साल से चोरी के मामले में फरार चल रहे ईनामी स्थायी वारंटी रामखिलावन सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। थाना प्रभारी अरविन्द जैन ने बताया कि थाना कोतवाली अनूपपुर के गृहभेदन एवं नकबजनी के मामले में दर्ज अपराध क्रमांक 232/18 की धारा 380,454 में आरोपी रामखिलावन सिहं पिता गोविन्द सिहं उम्र 19 साल निवासी ग्राम कोलमी अनूपपुर लम्बे समय से फरार था, जिस पर न्यायालय आरती सिहं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अनूपपुर द्वारा 4 दिसम्बर 2021 को आरोपी का स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा 2 हजार रुपए नगद ईनाम भी घोषित किया था। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी अरविन्द जैन, उपनिरीक्षक अजय तेकाम, आरक्षक गुपाल यादव, संजय सिहं, प्रवीण भगत एवं राजेश बड़ोले ने आरोपी रामखिलावन सिहं को ग्राम कोलमी के पास जंगल से गिरफ्तार किया है। चोरी एवं नकबजनी के अन्य मामलो में भी कोतवाली पुलिस पूछताछ कर रही है।

### ब्राउन शुगर बेचने व परिवहन करने वाले दो आरोपी पुलिस के चढ़े हत्थे




अनूपपुर। कोतमा पुलिस ने शुक्रवार को अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बिक्री एवं परिवहन करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में से पुलिस ने 42 पुड़िया ब्राउन शुगर जब्त किया है। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह मरावी ने बताया कि 18 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि सेमरिया तरफ से एक बाइक एमपी 18 जेडबी 2160 से दो लड़के अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बेचने के लिए कोतमा तरफ आ रहे हैं। पुलिस बल ग्राम पिपरिया के पास छापामार कार्रवाई के लिए पहुंची और बाइक पर बैठे दो व्यक्तियों को दस्तयाब कर नाम पता पूछा। जिसमें 32 वर्षीय तारन दास मेहरा पिता होरिल मेहरा निवासी बुढानपुर एवं 25 वर्षीय कुलदीप कुमार चतुर्वेदी पिता कृष्णकांत चतुर्वेदी निवासी कोतमा वार्ड नंबर 5 पुरानी बस्ती का होना बताया। युवकों की तलाशी के दौरान 42 पुड़िया अवैध ब्राउन शुगर नसरीन नामक महिला निवासी निपानिया शहडोल से खरीद कर लाना बताया गया। मौके से आरोपियों के पास से 42 पुड़िया कुल वजन 8 ग्राम एवं बाइक कुल कीमत 1 लाख 36 हजार 800 रुपए जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। करवाई में थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह, उपनिरीक्षक अकबर खान, सहायक उपनिरीक्षक बृजेश पांडेय, प्रधान आरक्षक रामखेलावन यादव, दिनेश राठौर, आरक्षक चक्रधर तिवारी, संजय द्विवेदी, अजय सिंह, दिनेश किराडे शामिल रहे।

---

सुरक्षा प्रबंध में कॉलरी की लापरवाही से उजड़ गई मां की कोख, एकलौते बेटे की टूटी सांसे, खदानों में भगवान भरोसे ठेका मजदूर

# राजनगर ओपन कास्ट में ब्लास्टिंग की चपेट में आए युवक की मौत

## ब्लास्ट से पहले नहीं जांचा क्षेत्र, मृतक युवक को एसइसीएल अस्पताल में ही छोड़कर कंपनी के कर्मचारी हुए फरार

विजय मत, अनूपपुर।

**कंपनी और ठेकेदार से 1.5 लाख तो सप्ताहभर बाद 15 लाख की मिलेगी सहायता**

एसइसीएल उपक्षेत्र के हसदेव अंतर्गत राजनगर ओसीएम में कॉलरी प्रबंधकों की लापरवाही में शुक्रवार को एक मां की कोख उजड़ गई, घर का एकलौता कमाने वाला बेटा और निजी कंपनी में ठेका मजदूरी करने वाला अजय कोल निवासी वार्ड क्रमांक 1 विशेषन दफाई राजनगर की मौत हो गई। बताया जाता है कि यह दुर्घटना राजनगर ओसीएम में दोपहर 12 बजे के आसपास घटी, जब यहां मिट्टी हटाकर एसइसीएल कंपनी के लिए कोयला मुहैया कराने वाली मां कुदरगढ़ी प्रायवेट लिमिटेड कपंनी जिसके मालिक अमित सिंगला हैं के द्वारा कोयला उत्खनन के लिए ब्लास्ट किया जा रहा था। इस दौरान मजदूर वहीं रहा, जहां ब्लास्ट के दौरान वह उसकी चपेट में आ गया और उसकी अस्पताल पहुंचने से पूर्व मौत हो गई। घटना के बाद आनन फानन में कंपनी व कॉलरी के





कर्मचारियों ने ठेका मजदूर अजय कोल को एसइसीएल अस्पताल राजनगर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मां कुदरगढ़ी के कर्मचारी शव को अस्पताल में छोडक़र मौके से भाग निकले। घटना की सूचना परिजनों व ग्रामीणों को मिलने पर परिजन व ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। जहां कॉलरी कर्मचारियों का घंटो इंतजार करने व नहीं आने पर ग्रामीणों व परिजनों ने शव को राजनगर ओसीएम खदान भेज दिया, जिसके बाद कॉलरी के गेट पर पहुंचकर शांतिपूर्वक घटना के विरोध में प्रदर्शन करते हुए मुआवजे सहित शव की मांग कर रहे हैं, आशंका है इससे सडक़ जाम होगी, लेकिन घटना के बाद पुलिस बल व्यवस्थाओं को बनाने में जुट गया है।

**सुरक्षा की अनदेखी, ब्लास्ट के दौरान कहां थे सुरक्षा अधिकारी**

जानकारी के अनुसार जिस समय खदान के भीतर ब्लास्ट होता है, उस दौरान खदान के भीतर किसी भी कर्मचारी या मजदूर को नहीं रखा जाता है। यहीं नहीं ब्लास्ट के लिए निर्धारित समय से पूर्व सायरन बजाकर आसपास के क्षेत्र को खाली कराया जाता है, यहां तक सुरक्षा में तैनात अधिकारियों द्वारा जांच पड़ताल की जाती है, बावजूद यह घटना कॉलरी के सुरक्षा व्यवस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मजूदरों का कहना है कि यहां कंपनी द्वारा कोयला उत्खनन में सुरक्षा को ही दरकिनार कर दिया है, जिसके कारण आए दिन खदानों के भीतर ठेका मजदूरों की जान आफत में बनी रहती है।

**हर घटना के बाद कॉलरी बाहर की घटना को बताने में दिखाता है तत्परता**

राजनगर ओसीएम खदान के भीतर अब तक कई घटनाएं घट चुकी है, लेकिन यहां कॉलरी प्रबंधकों द्वारा एक तरीका अपनाया गया है, सुरक्षा मानकों में हुई चूक से बचने यहां के अधिकारी हर घटना के बाद घायल या मृतक को एम्बुलेंस के माध्यम से बिना परिजनों को सूचित किए मनेन्द्रगढ़ या आसपास के अस्पताल भेज देते हैं, जहां मृत होने पर पुन~एम्बुलेंस के माध्यम से छुपाते हुए कॉलरी लाकर उसे बाहर किसी हादसे का शिकार बनाकर परिजनों को मुआवजे के झांसे में लेकर अपनी गलतियों पर पर्दा डाल जाते हैं। यहां परिजन भी मोटी राशि को देखकर शव लेकर चले जाते हैं। लेकिन यहां घटनाओं के बाद भी कॉलरी प्रबंधक सबक नहीं सिखते।

**तो ठेकेदार और कपंनी देगी 1.5 लाख की सहायता, मिलेगी बीमा और अन्य सहायता**

मजदूर की मौत के बाद मामले में एसडीएम अजीत तिर्की ने बताया कि मृतक के परिजनों को तत्काल 1 लाख रुपए ठेकेदार एवं 5 हजार रुपए प्रबंधन के द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं 15 लाख रुपए एक हफ्ते के अंदर उपलब्ध कराई जाएगी। जबकि 16 लाख की राशि बीमा के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। परिजनों को समझाईश दी गई है, वहीं पुलिस ने मार्ग कम कर जांच शुरू किया है।

---

# मादा भालू ने दरवाजा व छत की सीट तोडक़र घर में किया प्रवेश, सामानों को पहुंचाया नुकसान

## पिछले तीन माह से डोला नगर में शावक के साथ मादा भालू कर रही विचरण्

विजय मत, अनूपपुर।

कोतमा अनुभाग के नगरपरिषद डोला के वार्ड नंबर 10 एवं 11 में छत्तीसगढ़ की सीमा पार कर नगर में पहुंची मादा भालू पिछले तीन माह से अपने शावक के साथ लगातार विचरण कर रही है। जहां भूख लगने पर नागरिकों के घर का दरवाजा व छत की सीमेंट वाली सीट तोडक़र अंदर प्रवेश कर वहां रखे घरेलू सामाग्रियों को नुकसान भी पहुंचा रही है। वहीं भालू के रहवासी क्षेत्र में विचरण से लोगों में भय का भी मौहाल बना हुआ है। हांलाकि वनविभाग के अधिकारी व कर्मचारी पटाखा एवं अन्य माध्यमों से



दोनों भालू को जंगल की ओर भेजने का प्रयास करते हैं, लेकिन आहार की तलाश में यह भालू रात्रि समय वापस लौट आ जाती है। गुरूवार की रात नगर परिषद डोला के वार्ड क्रमांक 10 एवं 11 में दो घरों में यह दोनों भालू ने घर का दरवाजा तोडक़र दीवाल लांघ कर एवं आरसीसी सीट तोडक़र घर के अंदर प्रवेश कर गए। जिसे देखकर घर के सदस्यों ने शोर मचाया और वन विभाग को सूचना दी। जिसके बाद वनविभाग अधिकारियों व कर्मचारियों की सहयोग से नगर के बाहर जंगल में खदेड़ा गया। वार्डवासियों का कहना है कि जिले के जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन एवं वनविभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से पिछले 3 माह से मादा भालू एवं उसके बच्चे के आतंक से मुक्ति दिलाने या दोनों का रेस्क्यू कर अन्य स्थान पर ले जाने की बात कहते हुए पत्र लिखा है। लेकिन अब तक न तो प्रशासकीय स्तर व वनविभाग अमले द्वारा भालू का रेस्क्यू किया गया है। इससे पूर्व 5 सितंबर की रात मादा भालू ने नगर परिषद डोला के वार्ड क्रमांक 11 निवासी 76 वर्षीय वृद्ध महिला कौशिल्या पति स्व.बंशी यादव पर हमला कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया था। जिसका वर्तमान समय में भी जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

---

## ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सचिवों की उपस्थिति में राशन का वितरण



विजय मत, अनूपपुर।

अनूपपुर। शासकीय खाद्यान्न वितरण प्रणाली में पारदर्शिता के तहत कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देश पर राशन की दुकान से हितग्राहियों तक राशन के सहज व पारदर्शी वितरण की व्यवस्था के तहत राशन दुकानों से खाद्यान्न का वितरण ग्राम पंचायत सचिव की उपस्थिति व निगरानी में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे जिसके पालन में अब जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों में राशन वितरण की पंचायत सचिवों की उपस्थिति में की जा रही है। राशन दुकानों तक वेयरहाउस गोदाम से राशन के परिवहन की भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

---

# खाद्यान्न का उठाव नहीं करने पर सील करवा दी राशन की दुकान तो छात्रावास में समय पर भोजन नहीं पकने पर अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई के दिए निर्देश

विजय मत, अनूपपुर।

**पंचायत भ्रमण पर निकले कलेक्टर, मिली खामियां**

जिला स्तरीय जन अकांक्षा शिविर में शामिल होने गए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने गुरूवार को पुष्पराजगढ़ के सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत पड़मनिया का भ्रमण भी किया, जहां विभिन्न शासकीय संस्थानों में पहुंचकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। लेकिन इस दौरान अधिकांश जगह खामियां ही मिली। जिस पर कलेक्टर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संस्था प्रमुखों को चेतावनी भी दी। भ्रमण के




दौरान पंचायत के माध्यमिक विद्यालय, राशन की दुकान, बालक-बालिका छात्रावास और आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। जहां उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण में उन्होंने राशन दुकान विक्रेता से राशन के उठाव एवं वितरण के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए दुकान में उपलब्ध खाद्यान्न एवं शक्कर का स्टॉक रजिस्टर से मिलान करवाया तथा ग्रामीणों से खाद्यान्न प्राप्त होने के संबंध में पूछताछ की। इस दौरान कलेक्टर को एमडीएम का खाद्यान्न समय पर उठाव नहीं करने की जानकारी मिली। जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उचित मूल्य दुकान को सील करने के निर्देश दिए। वहीं बालक बालिका छात्रावास का निरीक्षण में छात्रावास में छात्र-छात्राओं को दिए जाने वाले नास्ता एवं भोजन सहित मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर ने भोजन की गुणवत्ता का जायजा लेने रसोई कक्ष का निरीक्षण किया, लेकिन भोजन समय पर नहीं बनना पाया गया, जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्रावास अधीक्षिक के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों के दिए।

**सिलेबस के अनुसार गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर जोर**

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ग्राम पड़मनिया के माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां छात्रों को सिलेबस के अनुसार गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के निर्देश शिक्षकों को दिए। वहीं स्कूल संचालन, शिक्षको की उपस्थिति के संबंध में स्कूल के प्राचार्य से जानकारी प्राप्त की। वही उपस्थित प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए कि मध्यान्ह भोजन के गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। इसके बाद आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाडी केन्द्रों में दर्ज बच्चों की जानकारी ली। केंद्र द्वारा बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार वितरण, औपचारिक शिक्षा, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को दिए जाने वाले पोषण आहार के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की।

---

### 7 स्कूलों के 20 वाहन चालकों की जांच एक चालक शराब के नशे में, बस जब्त

अनूपपुर। यातायात नियमों के पालनार्थ और शराब पीकर वाहन नहीं चलाने के पुलिस यातायात अभियान में 19 अक्टूबर को ट्रैफिक पुलिस ने बिजुरी शहर स्थित निजी स्कूल के स्कूली वाहन चालकों ब्रीथ एनालाइजर से जांच पड़ताल की। जिसमें सनराइज पब्लिक स्कूल, सेंट जोसेफ मिशन स्कूल, जय मां शारदा हाई स्कूल, नव ज्योति मिशन स्कूल, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजुरी, दिल्ली वार्ड पब्लिक स्कूल (महेंद्रगढ़), सहित कुल 7 स्कूल के 20 स्कूली वाहन चालकों को ब्रीथ एनालाइजर से चेक किया।

---

**जन संवाद** ग्रामीणों की समस्याओं से कलेक्टर को कराया अवगत, जल्द निराकरण के मिले आश्वासन

# करौंदी गांव में डीआइजी ने ग्रामीणों से किया जन संवाद, अपराध से दूर रहने और कानून पालन की अपील

विजय मत, अनूपपुर।

एक ओर जिला प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर ही निराकृत कर उन्हें सुविधा मुहैया कराने अभियान चला रहे हैं, वहीं पुलिस स्तर पर भी गांवों में जनसंवाद के माध्यम से अपराध से दूर और कानून पालन की अपील के साथ आपराधिक मामलों से सम्बंधित जानकारियां प्रदाय की जा रही है। गुरूवार को कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों के साथ पुष्पराजगढ़ के पड़मनिया पंचायत में जनआकांक्षा अभियान शिविर का आयोजन कर सैकड़ों ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को निराकृत किया, वहीं अपराधों की रोकथाम व आसामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ ही ग्रामीण स्तर की मूलभूत समस्याओं से





रूबरू होकर उनकी समस्याओं के निराकरण कराए जाने ग्राम करौंदी में पुलिस उपमहानिरीक्षक सविता सुहाने की अगुवाई में पुलिस अधिकारियों ने शिविर का आयोजन किया। डीआइजी का मानना है कि इस शिविर के माध्यम से पुलिस व आम नागरिकों के बीच की दूरी कम करने तथा पुलिस-प्रशासन व आम नागरिकों के बीच बेहतर सम्बंध स्थापित किया जा सकेगा। शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एसडीओपी नवीन तिवारी, थाना प्रभारी वीरेन्द्र बरकड़े सहित पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में करौंदी सहित आसपास के ग्रामीण व ग्राम रक्षा समिति के लोग उपस्थित हुए।

**अपराधों से दूर रहकर कानून पालन की अपील**

जन संवाद को संबोधित करते हुऐ डीआईजी सविता सुहाने ने उपस्थित जनों को अपराधों से दूर रहने व कानून का पालन करने की सलाह दी। साथ ही किसी भी स्थिति में कानून को अपने हाथ में न लेने, कानून का बखूबी पालन करने तथा गांव में आने वाले बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों व उनके गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस व प्रशासन को दिए जाने की अपील की। इस मौके पर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने ग्रामीणों को समझाईश दी गई। साथ ही ग्रामीणों अन्य कई समस्याओं से रूबरू होकर अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली से दूरभाष पर चर्चा की गई, जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र ही करौंदी गांव में जन समस्या निवारण शिविर आयेजित करने का आश्वासन दिया।

**साइबर अपराध में सतर्क रहने की आवश्यकता**

अतरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी ने बढ़ रहे साइबर अपराध, कंप्यूटर, इंटरनेट, या नेटवर्क डिवाइस का इस्तेमाल करके की जाने वाली अवैध गतिविधि से सतर्कता के साथ उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही किसी भी प्रकार के फर्जी कॉल, ओटीपी नम्बर बगैर जानकारी के कोई भी लिंक को ओपन ना करने और ठगी से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध ठगी होने पर तत्काल साइबर क्राइम टोल फ्री नम्बर 1930 एवं गृह मंत्रालय के साइबर पोर्टल पर जाकर भी लिखित में शिकायत कर सकते है एवं नजदीकी पुलिस थाने में इसकी सूचना अवश्य दें। इस मौके पर ग्रामीण जनों ने उप पुलिस महा निरीक्षक से करौंदी गांव में पुलिस सहायता केंद्र (चौकी) की स्थापित कराने की मांग की, जिससे छत्तीसगढ़ सीमा से लगे हुए गांवो में हो रहे अपराधों पर नियंत्रण किया जा सके।

### समृद्धि योजना अंतर्गत समग्र ग्राम विकास के विभिन्न आयाम विषय पर जन अभियान परिषद की कार्यशाला हुई

# प्रदेशवासियों को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को समर्पित है जन अभियान परिषद: मोहन

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जन अभियान परिषद जन-जन के कल्याण के लिए समर्पित है। स्वैच्छिक, सामूहिक और सामुदायिक सहभागिता से स्वावलंबन के दृष्टिकोण से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. अनिल माधव दवे ने प्रत्येक प्रदेशवासी को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से परिषद के गठन की प्रेरणा दी थी। सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर समाज भी चले इस उद्देश्य से जन अभियान परिषद को एक कड़ी के रूप में विकसित किया गया। शासकीय योजनाओं को जन-जन तक ले जाने में जन अभियान परिषद उत्प्रेरक की भूमिका निभा रही है। परिषद भू-जल भण्डारण सहित समाज कल्याण और विकास



गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समन्वय भवन में समृद्धि योजना अंतर्गत ÷समग्र ग्राम विकास के विभिन्न आयाम÷ विषय पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा राज्य, संभाग और जिला स्तरीय समन्वयकों के उन्मुखीकरण सह-प्रशिक्षण कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला उपस्थित थे।

***कार्यशाला में संभाग, जिला और विकासखंड स्तर के समन्वयक हुए शामिल...*** *परिषद के उपाध्यक्ष नागर ने कहा कि भारत की आत्मा ग्रामों में बसती है। ग्रामों और उनकी आत्मा का स्वरूप प्रभावित न हो इस उद्देश्य के लिए जन अभियान परिषद समर्पित है। समाज को समरस सामुदायिक और संगठित नेतृत्व प्रदान करने के लिए जन अभियान परिषद प्रतिबद्ध है। गांव-गांव में नेतृत्व विकास के लिए परिषद द्वारा सघन गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम के आरंभ में वंदे-मातरम गान के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्प-गुच्छ तथा शॉल, श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। प्रशिक्षण सह-कार्यशाला, जन अभियान परिषद के संभाग, जिला और विकासखंड स्तर के समन्वयकों के उन्मुखीकरण पर केंद्रित है।*

### भगवान श्रीकृष्ण ने संस्कृति में आ रही विकृतियों से संघर्ष के लिए समाज को संगठित करने का दिया संदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने संस्कृति में आ रही विकृतियों से संघर्ष के कई प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए। साथ ही कंस रूपी बुराई से संघर्ष के लिए स्त्री-पुरूषों के साथ बच्चों को भी संगठित कर समाज की संगठन क्षमता और जन-कल्याण के लिए उसके सार्थक उपयोग का संदेश दिया। यह दर्शाता है कि संगठन की शक्ति से बड़ी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है।

### भारत का मूल स्वरूप गावों में ही विद्यमान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत का मूल स्वरूप गावों में ही विद्यमान है। ग्राम स्तर पर व्यवस्थाओं को सशक्त करने की आवश्यकता है और इस दिशा में जन अभियान परिषद द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्राम स्तर पर जल संरक्षण, नवकरणीय ऊर्जा, दुग्ध उत्पादन, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन, ग्रामीणों की आय में वृद्धि के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गतिविधियां जारी हैं।

# खेलों से सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास होता है: राजेन्द्र शुक्ल

### राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



**विजय मत, भोपाल**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि खेलों से सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास होता है। खेलों के आयोजन समाज में सौहार्द पूर्ण वातावरण का निर्माण करते हैं। खेल ही ऐसी विधा है जिसमें हारने वाला भी जीतने वाले को बधाई देता है और जीतने वाला हारने वाले को आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित करता है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मार्तण्ड विद्यालय रीवा में मशाल प्रज्ज्वलित एवं ध्वज आरोहित कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सफलता का मूलमंत्र कड़ी मेहनत है। समय सीमा निश्चित कर विद्यार्थियों को पढाई करते हुए खेल विधाओं में भी भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। कबड्डी खेल हमारे देश में जमीन से जुड़ा खेल है जो गांव-गांव तक खेला जाता है। उन्होंने गांवों में तथा विद्यालयों में खेल मैदान होने की बात कही जिससे बच्चे व ग्रामीण वहां खेल विधाओं में भाग ले सकें। उन्होंने युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की समझाइश दी तथा कहा कि जो व्यक्ति नशे के आदी हैं उनका नशा छुड़वाने के लिये रीवा में स्थापित नशामुक्ति संकल्प केन्द्र में पहुंचाया जाए, जिससे उन्हें नशे से दूर किया जा सके।

पांच दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कबड्डी प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के 14 से 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजन में दस संभागों के 468 खिलाड़ी व आफीशियल्स भाग ले रहे हैं। सांसद जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, विवेक दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक तथा विभिन्न संभागों से आये कोच, रेफरी एवं छात्र-छात्राएँ व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रूस में अध्ययनरत एमबीबीएस छात्र की मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रूस में अध्ययनरत मैहर जिले की रहने वाली एमबीबीएस की छात्रा सृष्टि शर्मा की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंग पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजन को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत सरकार की सहायता से राज्य सरकार बेटी के पार्थिव शरीर को यथाशीघ्र परिवार तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत थी। मैहर निवासी डॉ. राम कुमार शर्मा की बिटिया सृष्टि का पार्थिक शरीर दिल्ली पहुंच गया है, जहां से राज्य सरकार की ओर से एयर एम्बुलेंस के माध्यम से सतना लाया जा रहा है।

### बीज विक्रय के लिए उद्यानिकी विभाग का लाइसेंस जरूरी

**भोपाल।** निजी बीज विक्रेता, सब्जी, मसाला, पुष्प एवं औषधीय फसलों के बीजों का व्यापार उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं कर सकेंगे। उक्त बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### सहकारी समितियों का पंजीयन केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा

**भोपाल।** जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय ऑनलाईन पोर्टल http:icmis.mp.gov.in पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने के लिए आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने के लिए आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा। प्रस्तावित संस्था की जानकारी एवं प्रथम आवेदन की जानकारी भरकर पासवर्ड निर्मित करेगा। तत्पश्चात आवेदक का लॉगिन निर्मित हो जायेगा। अंशपूंजी का मूल्य दर्ज करके प्रस्तावित सदस्यों के फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर तदर्थ कमेटी नामांकित कर दस्तावेज अपलोड कर अंशों का मूल्य एवं सदस्यता प्रवेश शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करेगा। आधार नंबर से वर्चुएल आईडी जनरेट होगा और आवेदक का ई-साईन कर आवेदन ऑनलाईन जमा करना होगा। विभाग द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर अधिकतम 45 दिवस के भीतर आवेदन पर कार्यवाही की जायेगी। कुछ कमियां होने पर पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा। जिसकी सूचना एसएमएस से दी जायेगी। पंजीयन पोर्टल पर आवेदन मान्य होने पर पोर्टल से ही पंजीयन प्रमाण-पत्र जनरेट होगा जिसमें डिजिटल हस्ताक्षर रहेंगे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा - ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर

**भोपाल।** जवाहर नवोदय विद्यालय पार्श्व प्रवेश परीक्षा-2025 के कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन उपलब्ध हैं। चयन परीक्षा 8 फरवरी 2025 को आयोजित की जायेगी। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024 है। प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, रातीबड़ ने बताया कि कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए वे ही छात्र-छात्राऐं आवेदन के पात्र हैं जो शासकीय, अशासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालय में सत्र 2024-25 में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत है। तथा जिनका जन्म 01 मई 2010 से 31 जुलाई 2012 के मध्य हुआ हो। इसी प्रकार कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए वे ही छात्र-छात्राऐं आवेदन के पात्र हैं जो शासकीय, अशासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालय में सत्र 2024-25 में दसवीं कक्षा में अध्ययनरत् हैं।

# मंत्री विश्वास सारंग, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा को जिलाध्यक्ष ने दिलाई सक्रिय सदस्यता





**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी के नेतृत्व में शनिवार को भाजपा जिला सदस्यता टोली ने प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, सांसद आलोक शर्मा एवं विधायक रामेश्वर शर्मा के निवास पहुंचकर सक्रिय सदस्यता ग्रहण कराई।

सुमित पचौरी ने बताया कि शनिवार को भोपाल के सभी मंडलों में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में सक्रिय सदस्य बना रहे है। इस अवसर पर सक्रिय सदस्य टोली के सदस्य कृष्ण मोहन सोनी, शंकर मकोरिया, दिनेश यादव उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल- रीवा में भी खुला निवेश प्रोत्साहन केन्द्र

**विजय मत, भोपाल**




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर रीवा कलेक्ट्रेट परिसर में निवेश प्रोत्साहन केन्द्र शुरू हो गया है। रीवा सहित पूरा विंध्य क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों और खनिज संपदा से समृद्ध है। यहां बाणसागर बांध की नहरों के माध्यम से पर्याप्त पानी उपलब्ध है। उद्योगों की स्थापना के लिए यहां कम दर पर पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। उद्योगों की स्थापना के लिए विंध्य क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं को फलीभूत करने के लिए कलेक्ट्रेट रीवा में निवेश प्रोत्साहन केन्द्र शुरू किया गया है। आगामी 23 अक्टूबर को होने वाले रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों के क्रम में इस केन्द्र को शुरू किया गया है। केन्द्र में मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास केन्द्र अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। निवेश प्रोत्साहन केन्द्र से उद्योगों की स्थापना के लिए उपलब्ध भूमि, पानी, सड़क, बिजली, रेलवे लाइन, हवाई मार्ग, श्रमिकों की उपलब्धता आदि की जानकारी दी जा रही है।

विंध्य में बाणसागर बांध की नहरों से खेती में चहुँमुखी विकास हुआ है। गेंहू, धान, चना, सरसों सहित सभी फसलों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। फल और सब्जियों का उत्पादन भी तेजी से बढ़ा है। कृषि आधारित तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना की भी अच्छी संभावनाएं हैं।

# निगम अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 25 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा

### नसबंदी उपरांत 7 श्वानों को वापस छोड़ा

**विजय मत, भोपाल**



नगर निगम द्वारा आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी व एंटीरैबीज टीकाकरण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। कार्यवाही के इसी क्रम में निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 25 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा। निगम अमले ने नसबंदी उपरांत 07 श्वानों को वापस उसी स्थान पर छोड़ा जहां से उन्हें पकड़ा गया था।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने शनिवार को राजहर्ष कालोनी, सिंगापुर कालोनी, आनंद नगर, पटेल नगर, राजीव नगर, काजी कैम्प, ईदगाह हिल्स, कोहेफिजा, लालघाटी, एयरपोर्ट रोड आदि क्षेत्रों में आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही करते हुए 25 श्वानों को नसबंदी केन्द्र भेजा। निगम अमले ने नसबंदी उपरांत 07 श्वानों को वापस उसी स्थान पर छोड़ा जहां से उन्हें पकड़ा गया था। निगम के डाग स्क्वाड द्वारा आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# उद्यानिकी फसलों से किसानों की आय होगी दोगुनी : मंत्री कुशवाहा

**भोपाल।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने आज जबलपुर में उद्यानिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों को भी बढ़ावा दिए जाने की अत्यधिक आवश्यकता है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी फसलें किसानों की आय को आसानी से दोगुना करने में सहायक हो सकती हैं। मंत्री कुशवाहा ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा खाद्य प्र-संस्करण की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को उद्यानिकी फसलों की खेती और खाद्य प्र-संस्करण के नए तरीकों से अवगत कराएं।

# महिला अपराध को लेकर कांग्रेस का सामूहिक उपवास शुरू कमलनाथ, दिग्विजय,पटवारी समेत बड़ी संख्या में नेता पहुंचे

**विजय मत, भोपाल**

प्रदेश में महिलाओं बच्चियों पर लगातार दुष्कर्म के मामलों को लेकर कांग्रेसियों ने भोपाल में सामूहिक उपवास शुरू किया है। कमलनाथ, दिग्विजय, पटवारी, सिंघार सहित कांग्रेस के सभी नेता शामिल हुए हैं। पहली बार एमपी कांग्रेस के सभी नेता एक मंज पर पहुंचे हैं। मध्य प्रदेश में महिलाओं बच्चियों पर लगातार दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं जिसे लेकर कांग्रेस लगातार सरकार को घेरती नजर आ रही है। इसी कड़ी में राजधानी भोपाल में प्रदेश के सभी दिग्गज नेताओं ने एक अलग तरीके सरकार को घेरने की कोशिश की है। रोशनपुरा चौराहे में कांग्रेसियों का सामूहिक उपवास शुरू किया है। खास बात यह है कि इस उपवास में कांग्रेस के सभी बड़े नेता पहुंच कर एकता काफी संदेश दिया है। जिसमें पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कांग्रेस के सभी धड़ों के नेता और पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं। जानकारी के लिए बतादें कि यह पहला मौका है जब किसी आंदोलन में कांग्रेस के



सभी धड़ों के नेता एक साथ दिखाई दे रहे हैं।

प्रदेश में महिला अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जिनको लेकर कांग्रेस लगातार प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए मुख्यमंत्री और प्रदेश के गृह मंत्री पर निशाना साध रही है। सामूहिक उपवास में प्रदेशभर से कांग्रेसी शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा एआईसीसी महासचिव और मध्य प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, कांग्रेस के सभी जिलाध्यक्ष अपने-अपने समर्थकों के साथ उपवास में शामिल हुए हैं। गौरतलब है कि पीसीसी ने कार्यक्रम के लिए प्रत्येक जिलाध्यक्ष को 100-100 कार्यकर्ताओं को साथ लाने का लक्ष्य दिया है।

**खास-खबर** एम्स में सर्जरी के बाद महिला मरीज की हालत में तेजी से सुधार

# पेट, बड़ी आंत और रीनल वेन से चिपका था ट्यूमर, एम्स में सर्जरी से महिला को मिला नया जीवन

**विजय मत, भोपाल**




एक 45 वर्षीय महिला लंबे समय से पेट के भीतर उभरे ट्यूमर से परेशान थी। उसने ट्यूमर की अनेक अस्पतालों में सर्जरी कराई, लेकिन ट्यूमर फिर से उभर आया और बड़ा हो गया, जिससे इसे हटाना और भी कठिन हो गया। ट्यूमर पेट, बड़ी आंत और बाईं रीनल वेन जैसे महत्वपूर्ण अंगों से चिपका हुआ था, जिससे सर्जरी के दौरान इन अंगों को नुकसान पहुंचाए बिना इसे निकालने की आवश्यकता थी।

महिला बीते दिनों राजधानी में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पहुंची, जहां डॉक्टरों की टीम ने छह घंटे तक चली सर्जरी के बाद ट्यूमर को बाहर निकाल दिया है। यह ट्यूमर 14.5 गुणा 15 सेमी आकार का था। प्रोफेसर डॉ. मनीष स्वर्णकार के नेतृत्व में डॉ. मूरत सिंह यादव और डॉ. सूर्या जैन की टीम द्वारा यह सर्जरी की गई।

डॉ. मनीष स्वर्णकार ने बताया कि इस जटिल सर्जरी में अग्नाशय के हिस्से और तिल्ली को निकाला जाता है। यह एक साधारण मामला नहीं था। ट्यूमर का बड़ा आकार और इसके आस-पास के अंगों से जुड़ा होना इसे अत्यधिक जटिल बना रहा था। हालांकि एम्स में हमारी टीम के प्रयासों और उन्नत तकनीक की मदद से हमने इन चुनौतियों को पार कर लिया। सर्जरी के बाद महिला मरीज की स्थिति स्थिर है और वह तेजी से स्वस्थ हो रही है।

डॉ. स्वर्णकार ने बताया कि इस सर्जरी में ट्यूमर को आसपास के अंगों से सावधानीपूर्वक अलग किया गया, ताकि ऊतकों को न्यूनतम क्षति हो। ट्यूमर को पूरी तरह से हटाने के लिए डिस्टल पैंक्रियाटेक्टोमी और स्प्लेनेक्टोमी करना आवश्यक था, ताकि भविष्य में ट्यूमर की पुनरावृत्ति और जटिलताओं से बचा जा सके। ऐसे दुर्लभ ट्यूमर सॉलिड स्यूडोपैपिलरी के रूप में भी जाने जाते है।

यह जटिल और जीवनरक्षक सर्जरी एम्स भोपाल के चिकित्सा विशेषज्ञों के कौशल और समर्पण को दर्शाती है। हमारी टीम ने अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उन्नत तकनीक और सटीकता के साथ इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। हम उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और चिकित्सा उत्कृष्टता की सीमाओं को पार करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

# भूतपूर्व सैनिकों,विधवाओं एवं वीरनारियों की रैली आज

### मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**विजय मत, भोपाल**

जिला भोपाल, रायसेन, सीहोर, विदिशा, होशंगाबाद, नर्मदापुरम, हरदा एवं उज्जैन में निवासरत् भूतपूर्व सैनिकों उनकी विधवाओं एवं वीरनारियों के सम्मान में भूतपूर्व सैनिक रैली रविवार, 20 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से 3 ई.एम.ई. सेन्टर स्थित जीत स्टेडियम बैरागढ, भोपाल में आयोजित की जाएगी। रैली में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विशेष अति?थि भारतीय नौ सेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, नौ सेना मेडल भी होंगे।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी भोपाल ग्रुप केप्टन अभिताभ रावत ने जिलों में निवासरत भूतपूर्व सैनिकों उनकी विधवाओं एवं वीरनारियों से समारोह में उपस्थित होने के लिए अपील की है। सम्मिलित होने वाले भूतपूर्व सैनिकों और विधवाओं से अपील है कि अपना पहचान पत्र (श्वस्रू ष्टड्डह्स्र) या ईसीएचएस कार्ड साथ में अवश्य लाएं। कार्यक्रम स्थल तक पहुँचने के लिए वाहन सुविधा के लिए बैरागढ़ गॉव, लालघाटी, दाता कालोनी, कैलाश नगर, नारियल खेड़ा, गुफा मंदिर, पंचवटी, करोंद चौराहा, गॉधीनगर, रक्षा विहार, संजीव नगर, बीएचईएल, भोपल रेल्वे स्टेशन, नादरा बस स्टेण्ड, अशोका गार्डन, रानी कमलापति रेल्वे स्टशन, नीलबढ़ (साढाबा), आईएसबीटी, बागमुगलिया, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भोपाल एवं 3 ईएमई सेंटर बैरागढ़, भोपाल के मुख्य द्वार पर उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त जिला रायसेन, सीहोर, विदिशा, नर्मदापुरम एवं उज्जैन से भी आवागमन के लिए वाहन सुविधा रहेगी। रैली स्थल पर स्वल्पहार एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर सीएसडी केन्टीन सामग्री की सुविधा, पेंशन से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए अभिलेख कार्यालय तथा पीसीडीए प्रयाग राज के स्पर्श से संबंधित प्रतिनिधि भी उपलब्ध रहेगें।

# रुतुराज ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ भारत-ए की कर सकते हैं कप्तानी

### 31 अक्टूबर को पहला, दूसरा मैच 7 नवंबर को खेला जाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इस महीने के आखिर में शुरू होने वाले दो चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैचों में रुतुराज गायकवाड़ ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ भारत-ए की कप्तानी कर सकते हैं जिसमें गायकवाड़ के साथ अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन के शामिल होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कप्तान रोहित शर्मा अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली बहुप्रतीक्षित बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट मैचों में से एक में नहीं खेलेंगे, जिसके बाद भारत एक रिजर्व ओपनर की तलाश करेगा।

ईश्वरन ने दलीप ट्रॉफी में दो शतक लगाए और इसके बाद ईरानी कप में एक और शतक लगाया। दिल्ली में तमिलनाडु के चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच में दोहरा शतक लगाने के साथ ही उनके बल्ले से शतकों की बरसात होने लगी। ऑस्ट्रेलिया ए के



खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैचों को खिलाड़ियों के लिए अपनी क्षमता साबित करने और पांच टेस्ट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का मौका माना जा सकता है।

देवदत्त पडिक्कल, बाबा इंद्रजीत और रिकी भुई भारत ए टीम में मध्यक्रम की मजबूत बल्लेबाजी कर सकते हैं। केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने के बाद ईशान किशन की पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी हो सकती है। युवा बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को श्रेयस अय्यर के साथ सूची से हटा दिया गया था, क्योंकि इस बात की चिंता थी कि उन्होंने घरेलू क्रिकेट की तुलना में इंडियन प्रीमियर लीग को प्राथमिकता दी है।

अभिषेक पोरेल के साथ वह भारत ए की टीम को विकेटकीपिंग का विकल्प हो सकते हैं। नीतीश कुमार रेड्डी, तनुश कोटियन और मानव सुथार के ऑलराउंडर के रूप में खेलने की उम्मीद है। तेज गेंदबाजों में मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद और यश दयाल के शामिल होने की उम्मीद है। चार दिवसीय मैच का पहला मैच 31 अक्टूबर को मैके में खेला जाएगा।

# रणजी में सुदर्शन ने लगाया दोहरा शतक इंडिया टेस्ट टीम में बना सकते हैं जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के कप्तान हिम्मत सिंह को परिस्थितियों को सही से नहीं पढ़ पाने का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे तमिलनाडु के बी साई सुदर्शन ने नाबाद दोहरा शतक लगा दिया। ग्रुप-डी रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन एक विकेट गंवाकर तमिलनाडु ने 379 रन बना लिए थे। सुदर्शन 202 रन बनाकर क्रीज पर डटे है, उन्होंने एन जगदीशन (101 गेंद में 65 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 168 रन और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 96 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए अभी तक 211 रन की साझेदारियां निभाईं। दिल्ली के कप्तान हिम्मत पिच पर घास होने से सही फैसला नहीं ले सके जबकि यह सपाट निकली। इससे तमिलनाडु के बल्लेबाजों ने दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर धुनाई कर दी। नवदीप सैनी ने 17 ओवर में 65 रन देकर एक विकेट और हिमांश चौहान ने 17 ओवर में 50 रन देकर कोई विकेट नहीं ले सके। शुरूआती स्पैल में प्रभाव डाला लेकिन सुदर्शन और जगदीशन ने खराब स्पिन गेंदबाजी पर तेजी से रन बटोरे।

दिल्ली टीम प्रबंधन ने बायें हाथ के स्पिनर सुमित माथुर को अंतिम 11 में नहीं चुना जिन्होंने पिछले सत्र में अपने पदार्पण में नौ विकेट लिए थे।

### बेंगलुरु टेस्ट- न्यूजीलैंड को 107 रन का टारगेट

# भारत दूसरी पारी में 462 रन पर ऑलआउट सरफराज की सेंचुरी, पंत 99 पर आउट

**बेंगलुरु, एजेंसी**

न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ बेंगलुरु में चल रहे पहले टेस्ट मैच को जीतने के लिए 107 रन का टारगेट मिला है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को भारत दूसरी पारी में 462 रन पर ऑलआउट हो गया।

चौथे दिन का खेल बारिश के कारण तय समय से 20 मिनट पहले समाप्त कर दिया गया। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में केवल 4 बॉल फेंके गए थे, तभी खराब रोशनी के कारण खेल रोक दिया गया। इसके कुछ देर बाद बारिश शुरू हो गई और स्टंप्स की घोषणा कर दी गई। कीवी टीम का स्कोर 0/0 है। इस टेस्ट मैच में भारतीय टीम पहली पारी में 46 रन पर सिमट गई थी। जवाब में न्यूजीलैंड ने



402 रन बनाकर 356 रन की बढ़त हासिल की थी।

भारत की ओर से दूसरी पारी में सरफराज खान 150, ऋषभ पंत 99, विराट कोहली 70, रोहित शर्मा 52 और यशस्वी जायसवाल 35 रन बनाकर आउट हुए। बाकी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके। न्यूजीलैंड के लिए विलियम ओरुर्के और मैट हेनरी ने 3-3 विकेट झटके। एजाज पटेल ने 2 विकेट लिए। टिम साउदी और ग्लेन फिलिप्स को 1-1 विकेट मिला। चौथे दिन का खेल बारिश के कारण जल्दी समाप्त हो गया। भारत के दूसरी पारी में ऑलआउट हो जाने के बाद न्यूजीलैंड की पारी शुरू ही हुई थी। अभी केवल 4 बॉल फेंके गए थे, तभी खराब रोशनी के कारण खेल रोक दिया गया। उसके कुछ ही देर बाद तेज बारिश होने लगी और चौथे दिन का समाप्त कर दिया गया। न्यूजीलैंड के ओपनर टॉम लैथम और डेवोन कॉन्वे नाबाद लौटे।

भारत दूसरी पारी में 462 रन पर ऑलआउट हो गया। न्यूजीलैंड को जीत के लिए 107 रन का टारगेट मिला है। भारत की ओर से सरफराज खान 150, ऋषभ पंत 99, विराट कोहली 70, रोहित शर्मा 52 और यशस्वी जायसवाल 35 रन बनाकर आउट हुए। बाकी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके। न्यूजीलैंड के लिए दूसरी पारी में विलियम ओरुर्के और मैट हेनरी ने 3-3 विकेट झटके। एजाज पटेल ने 2 विकेट लिए। टिम साउदी और ग्लेन फिलिप्स को 1-1 विकेट मिला।

# ऑस्ट्रेलिया में होगी यशस्वी की सबसे बड़ी परीक्षा : ज्वाला



**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट टीम को युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल से अगले माह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। यशस्वी के कोच ज्वाला सिंह का मानना है कि यशस्वी की सबसे बड़ी परीक्षा ऑस्ट्रेलिया दौरे में होगी पर जिस एकाग्रता से वह खेलते हैं उससे उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने में सहायता मिलेगी।

कोच ने कहा इस स्तर पर पहुंचकर ये अहम होता है कि आप दबाव को कैसे संभालते हैं। आप हमेशा तकनीक पर काम कर सकते हैं पर अगर आपके पास सही रवैया और मानसिकता नहीं है, तो आप सफल नहीं हो सकते। यशस्वी काफी परिपक्व हैं और इसका लाभ उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में मिलेगा।

### फुटबॉल



जर्मनी के डॉर्टमंड में बोरूसिया डॉर्टमंड और एफसी सेंट पॉली के बीच जर्मन फर्स्ट डिवीजन बुंडेसलीगा फुटबॉल मैच के दौरान गेंद पास करते बोरूसिया डॉर्टमंड के सेरहो गुइरासी (दाएं)।

# अब कोच और मेंटोर की भूमिका में नजर आयेंगी रानी



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी की पूर्व कप्तान रानी रामपाल अब महिला हॉकी लीग में अब मेंटोर और कोच की भूमिका में नजर आयेंगी। महिला हॉकी लीग के इस पहले सीज़न में रानी पंजाब और हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए सूरमा हॉकी क्लब की कोच होंगी। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि समग्र रूप से भारतीय महिला हॉकी के लिए एक कदम आगे है। रानी ने कहा कि इससे उनके जीवन का एक नया अध्याय शुरु होगा। रानी कई सालों तक भारतीय महिला हॉकी का चेहरा रहीं। इस दौरान उनका नेतृत्व कौशल और जुनून प्रेरणादायक रहा । रानी टोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम की कप्तान रही थीं। रानी ने कहा ,'' हॉकी मेरा जुनून है। मैने जितने समय खेला, जुनून के साथ खेला।

## बिजनेस

# भारत के पेट्रोकेमिकल सेक्टर 2025 तक 300 अरब डॉलर हो जाएगा: हरदीप पुरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत का केमिकल और पेट्रोकेमिकल सेक्टर 2025 तक बढ़कर 300 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। वर्तमान समय में यह 220 अरब डॉलर है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल ही में यह बयान दिया। इंडिया केम 2024 के दौरान पेट्रोकेमिकल पर गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2040 तक केमिकल की मांग लगभग तीन गुना होने का अनुमान है और भारत की पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्री एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। केमिकल इंडस्ट्री भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका सकल घरेलू उत्पाद में योगदान लगभग 6 प्रतिशत है और इससे 50 लाख से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा ?कि भारत में पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में अगले दशक में 87 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश आने का अनुमान है, जो वैश्विक पेट्रोकेमिकल वृद्धि का 10 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है। भारत में केमिकल की वार्षिक खपत 25 से 30 मिलियन टन है, जो कि प्रति व्यक्ति हिसाब से दुनिया के विकसित देशों से काफी कम है। इस कारण से केमिकल सेक्टर में विकास की प्रबल संभावनाएं हैं।

# सोना एक हफ्ते में 2,580 रुपए महंगा, दिवाली तक 80,000 तक पहुंचेगा

### जून 2025 तक सोना 85,000 रुपए के आंकड़े को छूने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने की कीमतों में लगातार उछाल देखने को मिल रहा है। पिछले एक हफ्ते में सोना 2,580 रुपए महंगा हो चुका है और अब इसकी कीमत 77,410 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि दिवाली तक सोने का दाम 80,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है। इसके अलावा जून 2025 तक सोना 85,000 रुपए के आंकड़े को छूने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार ब्याज दरों में गिरावट और डॉलर की कमजोरी के चलते सोने की मांग में तेजी आई है, जिससे इसकी कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। मोडिटी विश्लेषकों का अनुमान है कि अगले साल जून तक सोने की कीमत 85,000 रुपए तक जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना पहली बार 2,700 डॉलर प्रति आउंस से ऊपर निकल गया है। आईबीजेए (इंडियन बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन) के




आंकड़ों के मुताबिक इस साल सोने की कीमत में अब तक 14,164 रुपए का इजाफा हुआ है और पिछले 12 महीनों में 18,127 रुपए की वृद्धि देखी गई है। यानी कि एक साल में सोने का रिटर्न 30.6 फीसदी रहा है, जबकि इसी अवधि में सेंसेक्स का रिटर्न 22.27 फीसदी था। विशेषज्ञों के अनुसार मौजूदा हालात को देखते हुए सोने की कीमतों में तेजी के रुकने के आसार कम हैं। ब्याज दरों में गिरावट और डॉलर की कमजोरी इसकी बड़ी वजह मानी जा रही है। भारत में भी सोने की मांग में भारी इजाफा हुआ है। 2018-19 से लेकर 2023-24 तक, देश में सोने का आयात 45 फीसदी से ज्यादा बढ़ गया है। अनुमान है कि दिवाली से पहले सोने की कीमत 80,000 रुपए तक पहुंच सकती है, और जून 2025 तक यह 85,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक हो सकता है। अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आएंगे, और 7 नवंबर को अमेरिकी केंद्रीय बैंक दूसरी बार ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। यदि डोनाल्ड ट्रंप जीतते हैं, तो अनिश्चितता बढ़ेगी, जिससे सोना और महंगा हो सकता है।

# देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट

### 10.75 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी**



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 10.75 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर रहा। यह हाल के दिनों में मुद्रा भंडार में सबसे बड़ी गिरावट है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.18 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। भारतीय रिजर्व बैंक के जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार 11 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 10.54 अरब डॉलर घटकर 602.10 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 9.8 करोड़ डॉलर घटकर 65.66 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.34 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 2 करोड़ डॉलर घटकर 4.33 अरब डॉलर रहा।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे हफ्ते गिरावट रही

» सेंसेक्स 156 अंक गिरावट के साथ 81,224 पर बंद

» निफ्टी 110 अंक की गिरावट के साथ 24,854 पर बंद

**मुंबई, एजेंसी**





विदेशी निवेशकों की भारतीय बाजार में बिकवाली और उम्मीद से कम दूसरी तिमाही के नतीजों की वजह से घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट देखी गई। जिस वजह से शुक्रवार को सेंसेक्स 0.19 फीसदी और निफ्टी 0.44 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। पिछले सप्ताह बाजार के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सेंसेक्स हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर खुले। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 300 अंकों से अधिक की बढ़त के साथ 81,697 पर खुला और 591.69 अंक उछलकर 81,973.05 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 94 अंक मजबूत होकर एक बार फिर 25000 के पार खुला और 163.70 अंक मजबूत होकर 25,127.95 पर बंद हुआ। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में बढ़त हासिल करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली हावी होती दिखी। इस दौरान दिन के ऊपरी स्तरों से बेंचमार्क सूचकांकों ने गोता लगा दिया। रिलायंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में बिकवाली के कारण ऊपरी स्तरों से सेंसेक्स 600 अंकों तक नीचे फिसल गया और 152.93 अंकों की गिरावट के साथ 81,667.19 पर बंद हुआ। निफ्टी भी कमजोर होकर 25100 के नीचे खुला और 70.60 अंकों की गिरावट के साथ 25,057.35 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में बुधवार को शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दौर देखा गया। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 240.75 अंक गिरकर 81,579.37 अंक पर खुला और 318.76 टूटकर 81,501.36 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 62.7 अंक गिरकर 24,994.65 अंक पर खुला और 86.05 अंक फिसलकर 25000 के नीचे पहुंच गया और 24,971.30 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में तेजी आई, लेकिन जल्द ही विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से बाजार कमजोर पड़ गया है और सूचकांक गिरावट के साथ कारोबार करने लगे। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 280.04 अंक चढ़कर 81,781.40 अंक पर खुला और 494.75 अंक गिरकर 81,006.61 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 58.2 अंक की बढ़त के साथ 25,029.50 अंक पर खुला और 58.2 अंक की बढ़त के साथ 25,029.50 अंक पर बंद हुआ।

# सर्वे: ब्याज दर 9 फीसदी से अधिक होने पर मकान खरीदारी पर पड़ेगा असर



**मुंबई, एजेंसी**

भारत की आर्थिक वृद्धि रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही है। आवासीय बाजार हर साल 25.6 फीसदी की दर से बढ़ रहा है, जिसके 2029 तक बढ़कर 1.04 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, इस वृद्धि में महंगे होम लोन बड़ी बाधा बन सकते हैं। एक मकान खरीदार धारणा सर्वेक्षण सर्वे में शामिल करीब 90 फीसदी उत्तरदाताओं का कहना है कि होम लोन के 9 फीसदी से अधिक होने पर मकान खरीदने पर उनको विचार करना पड़ सकता है। सर्वे में कहा गया है कि 71 फीसदी से अधिक लोग मानते हैं कि अगर ब्याज दर 8.5 फीसदी से कम रहती हैं, तो खरीदारी का फैसला प्रभावित नहीं होगा।54 फीसदी ने कहा कि ब्याज दर 8.5 फीसदी से 9 फीसदी के बीच होने पर उन्हें अपनी पसंद पर विचार करना पड़ेगा। करीब 98 फीसदी मकान खरीदारों की प्राथमिकता समय पर परियोजनाओं का पूरा होना है। 93 फीसदी लोग बेहतर निर्माण गुणवत्ता चाहते हैं, जबकि 72 फीसदी उत्तरदाता अच्छे हवादार मकान खरीदना चाहते हैं।59 फीसदी से अधिक लोगों के लिए रियल एस्टेट निवेश का पसंदीदा क्षेत्र है। 67 फीसदी से अधिक लोग खुद के इस्तेमाल के लिए मकान खरीदना चाहते हैं। 35 फीसदी से अधिक खरीदारों के लिए 45-90 लाख का बजट पसंदीदा विकल्प है। 28 फीसदी 1.5 करोड़ तक के मकान खरीदना चाहते हैं।

## हवाई सेवाओं का विस्तार
## मध्यप्रदेश विकास की नई उड़ान को तैयार



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

₹450 करोड़ लागत के

# रीवा एयरपोर्ट

का

# लोकार्पण

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

द्वारा (वर्चुअल माध्यम से)

गरिमामयी उपस्थिति

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

20 अक्टूबर, 2024 | अपराह्न 2:00 बजे




**मध्यप्रदेश में निरंतर बढ़तीं वायु सेवाएं**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 विमानतल | 25 हवाई पट्टियां | हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण | पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा | पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा | पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा |

D-11087/24

सीधा प्रसारण https://pmindiawebcast.nic.in @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP #RewaTakesFlight